दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 242 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

## देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी है अमित शाहः भजनलाल

# भारत जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा : शाह

जयपुर टाइम्स

**आबूरोड(निसं.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे कर देश पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अमित शाह गुरुवार को आबूरोड (सिरोही) में ब्रह्मकुमारीज संस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने 'सुरक्षा बलों के कर्मियों के लिए आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म-सशक्तीकरण' विषय पर संबोधन दिया। शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों के त्याग और तपस्या के चलते ही हम सुरक्षित हैं। राज्यों की पुलिस कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रदान करती है। यह कार्य उनके लिए काफी तनावपूर्ण होता है। हिंसक परिस्थितियों से जूझने के समय उनका मन तनाव में रहता है। ऐसे में संस्थान की ओर से उनके मानसिक तनाव को दूर करने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए मैं साधुवाद देता हूं। गृहमंत्री ने ब्रह्मकुमारीज संस्थान के डायमंड हॉल में सुरक्षा सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। शाह ने कहा कि दादा लेखराज कृपलानी जी ने संस्थान की स्थापना कर समाज को शांति का संदेश दिया। मैं उन्हें नमन करता हूं। मैंने बहुत सुना था कि यह संस्थान योग और ध्यान के माध्यम से विश्व में साधना का दीप प्रज्वलन करने का कार्य कर रहा है। एक अद्भुत शांति का अनुभव मुझे यहां मिला है। जीवन में गुरु मिलने पर सन्मार्ग पर चलने का रास्ता मिलता है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान को चलाने में मातृशक्ति का अहम योगदान है, जो हमारे लिए गौरव का विषय है। इससे पहले, ब्रह्मकुमारीज संस्थान पहुंचने पर गृहमंत्री शाह और सीएम भजनलाल शर्मा का इलायची की माला व राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शाह को सोमनाथ मंदिर की प्रतिकृति का मॉडल भी भेंट किया। गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित की।




### *शाह देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी- भजनलाल*

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह सशक्त भारत के निर्माण के लिए देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी होने के साथ-साथ देश की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के भी संभागी हैं। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री ने देश की आंतरिक सुरक्षा, संवैधानिक सुधारों और राष्ट्रीय अखंडता को सशक्त करने वाले कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनकी प्रतीक्षा देश दशकों से कर रहा था। अनुच्छेद 370 का स्थायी समाधान करते हुए कश्मीर घाटी में शांति, नवाचार और प्रगति की नींव रखने वाला ऐतिहासिक कदम उठाया है। इससे कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद के मंसूबे परास्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध गृहमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वे क्षेत्र, जो कभी भय और हिंसा के पर्याय थे, आज शांति और विकास के पथ पर अग्रसर हैं।*

### राजयोग से मिलती है मानसिक शांति

ब्रह्मकुमारीज की नवनियुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी ने कहा कि जब हम ओम शांति कहते हैं, तो हम स्वयं को एक शांत स्वरूप आत्मा के रूप में देखते हैं। इसी भाव से सभी को देखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि अपने ही मन में शांति नहीं है, तो कितनी भी कॉन्फ्रेंस कर लें या शांति की बात कर लें, कोई फायदा नहीं होगा। सबसे पहले हमें स्वयं के अंदर शांति लानी होगी। राजयोग मेडिटेशन से मानसिक शांति प्राप्त होती है। मेडिटेशन से मन, बुद्धि और संस्कार की एकाग्रता आती है। मेडिटेशन से ही आत्मा के सात गुण- ज्ञान, सुख, शांति, प्रेम, पवित्रता, शक्ति और आनंद मूल स्वरूप में आते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संस्थान की ओर से देश-विदेश में विश्व एकता और विश्वास हेतु राजयोग ध्यान% विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## वक्फ कानून पर सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का समय



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ से केंद्र की मांग पर सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक 'उपयोगकर्ता की ओर से वक्फ' या 'दस्तावेजों की ओर से वक्फ' संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को 5 मई को अगली सुनवाई तक गैर-अधिसूचित नहीं किया जा सकता। इसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 5 मई तय की। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। सरकार को लाखों-लाखों प्रतिनिधि मिले, गांव-गांव वक्फ में शामिल किए गए। इतनी सारी जमीनों पर वक्फ का दावा किया जाता है। इसे कानून का हिस्सा माना जाता है। अंतरिम रोक की राय पर मेहता ने कहा कि कानून पर रोक लगाना एक कठोर कदम होगा। उन्होंने अदालत के सामने कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस दौरान बोर्ड या काउंसिल की कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जिस पर इस तरह से विचार किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने कहा था कि कानून में कुछ सकारात्मक बातें हैं और इस पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। वह नहीं चाहता कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव हो। कोर्ट ने कहा कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तो हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव न हो।

संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना

## सीएम भजनलाल के भागीरथी प्रयास लाए रंग, चम्बल नदी पर बनेगा एक्वाडक्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भागीरथी प्रयासों से महत्वाकांक्षी संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए मिशन मोड पर कार्य किए जा रहे हैं। परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 9 हजार 400 करोड़ रुपए के कार्यादेश दिए जाकर योजना की क्रियान्विति शुरू हो गई है। इसके प्रथम चरण के पैकेज-2 में 2 हजार 330 करोड़ रुपए से चम्बल नदी को पार करने के लिए नदी पर एक्वाडक्ट बनेगा। चम्बल नदी पर एक्वाडक्ट करीब 2.3 किलोमीटर लम्बाई में बनेगा। यह एक छोर में पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में गोहाटा गांव से जुड़ेगा। एक्वाडक्ट के माध्यम से कालीसिंध से पानी लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। साथ ही, नवनेरा बैराज से मेज एनिकट तक फीडर निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा।




## अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं, जज 'सुपर संसद' की तरह काम कर रहेः धनखड़

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया जिसमें कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों पर समय-सीमा में फैसला लेने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 का प्रयोग अब "24×7 न्यूक्लियर मिसाइल" जैसा बन गया है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं क्योंकि राष्ट्रपति भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर हैं। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज के समय में जज 'सुपर पार्लियामेंट' की तरह काम कर रहे हैं, जो न तो जनता के प्रति जवाबदेह हैं और न ही उन पर कोई नियंत्रण है। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का भी जिक्र किया जिसमें 8 अप्रैल को तमिलनाडु गवर्नर बनाम राज्य सरकार केस में कोर्ट ने गवर्नर के अधिकारों की सीमा तय करते हुए कहा था कि राज्यपाल के पास वीटो पावर नहीं है और उन्हें विधानसभा से पास हुए बिलों पर एक महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। वहीं राष्ट्रपति के पास भेजे गए बिलों पर भी कोर्ट ने कहा था कि उन्हें तीन महीने में निर्णय देना होगा। धनखड़ ने सवाल उठाया कि न्यायपालिका अगर कार्यपालिका और विधायिका की भूमिका निभाने लगे तो लोकतंत्र कैसे बचेगा। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं को संविधान की सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा के घर अधजली नकदी मिलने के मामले में भी न्यायपालिका की निष्क्रियता पर सवाल उठाया।



## मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार रात को उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पर केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह का मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद मदन राठौड़, सीपी जोशी, महिमा कुमारी, चुन्नीलाल गरासिया, मन्नालाल रावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं

# सौर व अक्षय ऊर्जा में राजस्थान सिरमौरः भजनलाल

### सोलर प्लांट से राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को मिलेगी गति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सौर व अक्षय ऊर्जा में आज सिरमौर बन गया है। यह उदगार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने व्यक्त किए। भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास को लेकर प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी की सहभागिता से राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में हरित और उज्जवल भविष्य का निर्माण करेंगे जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की संकल्पसिद्धि हो सके। शर्मा ने गुरूवार को जैसलमेर के पोकरण में रिन्यू पावर के 1.3 गीगावॉट पीक के सौर ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जैसलमेर की सुनहरी धरा पर स्थापित इस सोलर प्लांट से राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर किए जा रहे कार्यों को गति मिलेगी। इस सोलर प्लांट से उत्पादित समस्त बिजली राजस्थान की वितरण कंपनियों को कम दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को ऊर्जा निर्बाध रूप से मिल सकेगी और भविष्य की परियोजनाओं के लिए भी एक बेंचमार्क तैयार होगा। इस संयंत्र से 1,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण के अनुकूल और सबसे स्वच्छ ऊर्जा है। अन्य ऊर्जा स्रोतों के भंडार सीमित हैं लेकिन सौर ऊर्जा का कोई क्षय नहीं होता है, यह अक्षय ऊर्जा है। हर परिवार सौर ऊर्जा का उत्पादक बन सकता है।







### राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेशकों के लिए एक उपयुक्त स्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक स्थिति भी नवीकरणीय ऊर्जा के अनुकूल है। राजस्थान में 142 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं हैं। कच्चे माल की भरपूर उपलब्धता, अच्छा औद्योगिक बुनियादी ढांचा, अनुकूल भौगोलिक स्थिति और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों के लिए एक उपयुक्त स्थान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन को एकीकृत करने की दिशा में पहल करते हुए पश्चिमी राजस्थान में एक ग्रीन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इसमें एक ग्रिड सब स्टेशन का नेटवर्क भी शामिल है, जिससे 6,311 मेगावाट हरित ऊर्जा उत्पादित होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की उत्पादक कंपनियों को उचित दरों पर बड़े सरकारी भूखंड उपलब्ध करवा रही है। केंद्र व राज्य सरकार कौशल संवर्धन, बुनियादी ढांचा और तकनीकी विकास के लिए अनेक योजनाएं भी संचालित कर रही है।

### प्रधानमंत्री के विजन से राष्ट्र बन रहा हरित ऊर्जा क्रांति का प्रतीक

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश में 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो उनके पंचामृत लक्ष्यों का एक अहम हिस्सा है। यह लक्ष्य भारत के ऊर्जा भविष्य को संवारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा हमारे राष्ट्र की हरित ऊर्जा क्रांति का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में ही 4.5 गीगावाट के लक्ष्य के मुकाबले 6 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है। वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री ने रखा है उसे हासिल करने में राजस्थान महत्वपूर्ण योगदान देगा। शर्मा ने कहा कि आज शुरू हुआ यह संयंत्र मेक इन इंडिया का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसमें भारत में बने हुए 100 प्रतिशत मॉड्यूल इस्तेमाल हुए हैं और 90 प्रतिशत कंपोनेंट की खरीद राजस्थान से की गई है। यह बात स्थानीय उद्योगों के लिए अच्छी है और आत्मनिर्भर भारत के हमारे विजन के भी अनुरूप है। केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार केन्द्र सरकार द्वारा लगातार ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप ऐसे संयंत्रों से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एनर्जी के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री और केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने सोलर प्लांट की लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री का हैलीपेड पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, विधायक महंत प्रतापपुरी, छोटूसिंह भाटी, रिन्यू के सीईओ सुमंत सिन्हा, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित,195 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं

# जिला कलक्टर ने परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश



## मुख्य सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुडे, अलवर में जल संरक्षण के हुए अच्छे कार्यों की सराहना की

जयपुर टाइम्स

**अलवर।(निसं.)** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई जिसमें 195 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रो-एक्टिव एवं संवेदनशील रहकर जनसुनवाई व सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालय में आने वाले परिवादियों की परिवेदनाओं के समाधान हेतु नियमित जनसुनवाई करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

### मुख्य सचिव ने की जल संरक्षण कार्यों की सराहना

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडकर जनसुनवाई प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की। अलवर जिले में जल जीवन मिशन में हुई अच्छी प्रगति एवं जल शक्ति मंत्रालय को जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के द्वारा जिले के सरकारी स्कूलों व सरकारी भवनों आदि में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों पर प्रजेंटेशन दिया था। जिसकी की सराहना जल शक्ति मंत्रालय द्वारा की गई थी। जल संरक्षण व जल जीवन मिशन में अलवर में हो रहें अच्छे कार्यों को लेकर मुख्य सचिव पंत ने जिला कलक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला की सराहना की।

### ये रही प्रमुख परिवेदनाएं

जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 195 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से नगर निगम, यूआईटी, विद्युत, जलदाय, राजस्व, पुलिस आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। एवं विभिन्न स्थानों से आई पेयजल समस्या सुचारू आपूर्ति कराने, ग्राम मोहम्मदपुर में ट्यूबवेल लगवाने व पानी की टंकी बनवाने के संबंध में परिवेदनाएं प्रस्तुत करने पर उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फरियादियों की पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के साथ जिले में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करावे तथा आवश्यकतानुसार नई बोरिंगों के प्रस्ताव तैयार करें एवं स्वीकृत बोरिंगों के कार्य में गति लाकर उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण करावे। जनसुनवाई में अलवर शहर संबंधित सभी परिवेदनाओं पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का समयबद्ध रूप में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें।

### सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने पर जिला कलक्टर का जताया आभार

अलवर शहर के सिद्धिपुरा मोहल्ला चूडी मार्केट निवासी अनिल कुमार जैन ने 15 दिन पूर्व सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने के संबंध में जिला कलक्टर को अवगत कराया जिस पर जिला कलक्टर ने तुरन्त संज्ञान लेते हुए जलदाय विभाग के अधिकारियों को त्वरित फरियादी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। पेयजल आपूर्ति नियमित व सुचारू रूप से होने पर फरियादी अनिल कुमार ने मोहल्लेवासियों के साथ जनसुनवाई में पहुंचकर जिला कलक्टर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन की ओर से आमजन की समस्याओं का निदान संवेदनशीलता के साथ किया जावे तो जिम्मेदार नागरिक के तौर पर प्रशासन का आभार भी जताना चाहिए।

## आमजन पेयजल समस्या के संबंध में दर्ज करा सकते हैं शिकायत

जिला कलक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल की आपूर्ति के लिए परेशान न होना पडे इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल लॉन्च किया है जिस पर आमजन पेयजल संबंधी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। साथ ही शहर की पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 108 में वॉर रूम स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नम्बर 0144-2338000 पर भी आमजन पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। पोर्टल एव वार रूम में प्राप्त शिकायतों पर तुरन्त संज्ञान लेकर पेयजल शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जा रहा है। इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, सहायक कलक्टर सुनीता यादव, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान सहित संबंधित अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी जुडे।

## श्री शिरडी सांई बाबा मंदिर का पच्चीसवां (25वां) स्थापना दिवस समारोह मनाया



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री शिरडी सांई बाबा मन्दिर, तिजारा रोड़, अलवर में शिरडी सांई बाबा का 25वां स्थापना दिवस बडे घूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर 17 अप्रेल 2025 को प्रातः 5 बजे सांई मंगल अभिषेक किया गया तथा प्रातः 10 बजे रक्तदान शिविर व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जितेन्द्र सिंह नरुका आयुक्त, नगर निगम, अलवर के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमें 72 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया। प्रातः 11 बजे से सांय 5 बजे तक श्री विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## डॉ संदीप सैनी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** डॉक्टर संदीप सैनी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनने पर अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष अनिल सैनी (गब्बर भाई) की अध्यक्षता में स्वागत सम्मान कार्यक्रम होटल गोल्डन बाग, कटीघाटी, अलवर पर रखा गया। इस सम्मान समारोह में समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा डॉ संदीप सैनी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. संदीप सैनी का सम्मान करने वालों में ऑल इंडिया सैनी समाज के अध्यक्ष हुकमाराम सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के अध्यक्ष कमल सैनी, विद्यार्थी उन्नत शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष विकास बबेरवाल, महात्मा मोहन दास सेवा समिति उपाध्यक्ष झम्मन सैनी, ज्योतिबा फले दर्शन समिति से अशोक सैनी व्याख्याता, सैनी शिक्षा समिति उपाध्यक्ष नवल सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज उत्थान समिति मालाखेड़ा के अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, प्रचार मंत्री जितेंद्र सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति बहादरपुर अध्यक्ष रमेश सैनी, पवन सैनी, महेंद्र सैनी, भागवत सैनी ने माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में आमजन के सुने परिवाद

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए परिवादों का निस्तारण करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के वीसी सभागार में आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 80 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने मौके पर परिवादों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे अपने क्षेत्राधिकार में नहीं होने पर उच्च स्तर पर संपर्क कर निपटाएं, अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करें। जिला स्तरीय जनसुनवाई में भूमि पर अतिक्रमण,भूमि विभाजन, बिजली, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, सड़क, यातायात व्यवस्था सुधारने, पट्टा दिलाने बाबत, विभिन्न प्रकरणों की पुलिस जांच कराने तथा पेयजल समस्या सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों को परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सभी परिवादियों को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। खैरथल के मेंन बाजार के व्यापारियों ने अतिक्रमण को लेकर जिला कलेक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा को तुरंत अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहर के श्यामनगर वासियो ने उनके वार्ड में पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन अभी तक नहीं डाले जाने की शिकायत पर जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को तुरंत पाइप लाइन डालने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता रतनलाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, डीएसओ राकेश सोनी, सहकारिता विभाग अधिकारी वेद प्रकाश सैनी, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता आदेश कुमार, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बीना गुप्ता, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, नोडल अधिकारी आयुर्वेदिक विभाग अजीत बालयांण, पीएचईडी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकरी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

## अविलंब ऑनलाईन/ऑफलाईन पैथलेब का स्थाई रजिस्ट्रेशन कराएं -सीएमएचओ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में संचालित समस्त पैथलेब संचालकों को अंतिम चेतावनी देते हुये कहा कि अपने पैथलेब के रजिस्ट्रेशन हेतु अविलंब ऑनलाईन/ऑफलाईन अप्लाई करके फाईल कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्त पैथलेब का स्थाई रजिस्ट्रेशन किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 250 से 300 अनाधिकृत रूप से संचालित पैथलेब अपने समस्त मूल दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्रेशन आवश्यक रूप से करवाया जाना सूनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित समस्त पैथलेब पर सीईए एक्ट 2010 एवं नीम हकिम झोलाछाप अधिनियम के तहत स त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## एक प्रयास संस्था का एक और सफल प्रयास

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सिख सिखिया गुरु विचार स्कूल लीवारी में गुरुवार को दो कैम्प लगाए गए। जिसमे गायनोलॉजिस्ट डॉ. शुचि जैन द्वारा स्कूल की बच्चियों को स्त्री रोग संबंधित होने वाली समस्यायों के प्रति जानकारी दी गई। तथा जरूरतमंद बच्चियों का चेकअप करके उन्हें दवाईयां दी गई। इसके साथ ही साथ आस पास के गाँव की करीब 50 महिलाओं का भी चेकअप करके उन्हें दवाईयां दी गई। सस्था अध्यक्ष डॉ. मंजू अग्रवाल ने बताया कि इसके साथ ही साथ स्कूल के करीब 100 बच्चों का भी चेकअप किया गया गुलाटी ऑप्टिकल्स भारत जी की मदद से और बच्चो को चश्मे बनवाकर संस्था की तरफ़ से दिए जायेगे। संस्था अध्यक्ष डॉ. मंजू अग्रवाल, गायत्री डाटा, आशा मित्तल, पिंकी गर्ग, वन्धना अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सुमन मित्तल, नेहा अग्रवाल, वीणा अरोड़ा, पूनम अरोड़ा, तनुश्री देवड़ा, अरुणा देवड़ा, कृष्णा अग्रवाल, कुसुम खंडेलवाल, मधु झीरीवाल, रेखा मेठी आदि सभी मेंबर मौजूद रहे। कैम्प पूरी तरह से सफल रहा। संस्था की तरफ़ से स्कूल के नयी कक्षा के नवनिर्वाण हेतु 450 कट्टा सीमेंट तथा 60 पेअर कुर्सी टेबल बच्चो के पढने के लिए डोनेट की गई।

## कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद ईडी की जांच ही बंद हो जाती है, यह कैसी ईडी की कार्रवाई है - नेता प्रतिपक्ष जूली

### जिला कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा अन्याय पूर्ण तथा मनमाने तरीका अपनाने के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को मोती डूंगरी स्थित आयकर विभाग कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा अन्याय पूर्ण तथा मनमाने तरीके से नेशनल हेराल्ड की स पत्ति को जप्त करने एवं सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी पर ईडी की राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित कार्यवाही के खिलाफ किया गया। जिला प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए ईडी विपक्ष को डराने का हथियार बन रही है लेकिन विपक्ष ऐसी कार्यवाइयों से डरने वाला नहीं है। जूली ने कहा कि भाजपा सत्ता में आने के बाद से ही राष्ट्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, चाहे वह ईडी हो, इनकम टैक्स हो या सीबीआई। मनी लॉन्ड्रिंग नहीं हुई है, एक भी पैसे का लेन-देन नहीं हुआ है, जिस परिवार ने अपनी संपत्ति दान कर दी आज आप उन्हें कैसे परेशान कर रहे हैं। क्या ईडी ने आज तक किसी भाजपा नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि ये विपक्ष के नेताओं पर और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर कुठाराघात है। भाजपा नफरत फैलाकर देश को गुमराह कर रही है। जूली ने कहा कि मेरे घर भी ईडी आ सकती है, अभी कागज एकत्रित किए जा रहे हैं लेकिन, उस जज के घर ईडी नहीं गई जिसके घर में करोड़ों रुपए मिले थे। यही नहीं कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद ईडी की जांच ही बंद हो जाती है। यह कैसी ईडी की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि टीकाराम जूली डरता नहीं है। ईमानदारी से सेवा की है। मुझे भी पता है। मेरे भी कागज एकत्रित करने में लगे हैं। सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। ईडी तैयार है, मुझ पर कभी भी आ सकती है। हम भी तैयार हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा अन्याय पूर्ण तथा मनमाने तरीके से ऐतिहासिक नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को जप्त करने की कार्यवाही तथा कांग्रेस नेतृत्व के विरूद्ध ईडी द्वारा बिना कानूनी प्रक्रिया अपनायें चार्ज शीट प्रस्तुत की गई है। राहुल गांधी जनता की लडाई लडते हैं। उससे सरकार घबराई हुई है। राहुल गांधी व सोनिया गांधी का वह परिवार है, जिसमें पंडित नेहरू ने अपनी पूरी संपत्ति देश के नाम कर दी। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी देश के लिए शहीद हो गए। मिश्रा बोले लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुटता के साथ मजबूती से इस लड़ाई को लड़ेगा। लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ, अन्याय के विरुद्ध डरो मत, जब-जब मोदी डरता है, ईडी को आगे करता है ... उक्त लिखी तख्तियां लेकर कांग्रेसी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शन में पीसीसी महासचिव एवं अलवर संगठन प्रभारी, फूल सिंह ओला, विधायक ललित यादव, दीपचंद खैरिया, कान्ति मीणा, पीसीसी समन्वयक पंकज दाधीच, भीम पटेल, कृष्णा शर्मा, श्रीराम गुर्जर, रोहिताश चौधरी, अजीत यादव, संजय यादव, डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, गफूर खान, राजेन्द्र पॉल शर्मा, गिरीश डाटा, बिजेंद्र महलावत, बलराम यादव, रिपू दमन गुप्ता, मुकेश सारवान, प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान, सतीश भाटिया, जे डी आर्यन, प्रीतम मेंहदीरत्ता, राकेश बैरवा, प्रकाश गंगावत, पुष्पेन्द्र यादव, अंकित गोयल, रमन सैनी, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, अनिल वशिष्ठ, पंकज शर्मा, लीली यादव, अभय सैनी, दशरथ सिंह शेखावत, सुरज्ञानी मीणा, हुकुम सिंह, दीपेंद्र सैनी, रवि मीणा, गोपेश शर्मा, इकबाल खान, राम प्रकाश शर्मा, नीमा चौधरी बसमीना, पंकज शर्मा, जगदीश सिंघल, सोनू गोपालिया, गौरी शंकर विजय, नारायण छंगाणी, रामराज मीणा, राजेश कृष्ण सिद्ध, सतीश साहीवाल, राजेंद्र सैनी, प्रेम सिंह मीणा, हरिकिशन मीणा, रामकिशन बेरवा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य के वरिष्ठ पटवारी व पटवारी संवर्ग की बम्पर पदोन्नति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्व मंडल में राज्य के वरिष्ठ पटवारी से भू–अभिलेख निरीक्षक पद पर वर्ष 2024-25 की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गैर अनुसूचित क्षेत्र के 1244 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 132 वरिष्ठ पटवारियों को भू-अभिलेख निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की जाकर संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के समक्ष उपस्थिति दर्ज किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इन समस्त पदोन्नत कार्मिकों के पदस्थापन हेतु जिला आवंटन आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे। जोधपुर संभाग की वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 की पटवारी से भू-अभिलेख निरीक्षक पद पर पदोन्नति हेतु रिव्यू डीपीसी का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्रमशः 252 एवं 112 पटवारियों को भू-अभिलेख पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी। उक्त विभागीय पदोन्नति समिति के अध्यक्ष श्री महेन्द्र लोढ़ा सदस्य भू-अभिलेख, महावीर प्रसाद, निबंधक राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर एवं कनिष्क सैनी सचिव भू-अभिलेख थे।

## उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने आयुर्वेद कॉलेज और आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने गुरूवार को आयुर्वेद कॉलेज, जयपुर एवं राजकीय आयुष चिकित्सालय, प्रताप नगर का औचक निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और इनमें सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में अस्पताल में रोगियों को औषधि वितरण में अव्यवस्था और साफ-सफाई की कमी मिली। पेयजल का वाटर कूलर खराब पाया गया तथा महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कक्षा में शिक्षण कार्य में भी लापरवाही पाई गई, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद उप सचिव, सावन कुमार चायल को प्राचार्य एवं अन्य जिम्मेदार कार्मिकों के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने विगत दिनों आउटडोर में आए रोगियों से दूरभाष कर उनके स्वास्थ्य का फीडबैक लिया तथा सुनिश्चित किया कि उन्हें समुचित चिकित्सा सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं।

## बाइक सवार लोगों ने महिला का तोड़ा मंगलसूत्र

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** भाबरू थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक सवार दो लोगों ने बाइक पर चल रही महिला का मंगलसूत्र तोड़े जाने का मामला सामने आया। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 हजार थी। वहीं पीड़ित परमानंद कुमावत ने भाबरु थाने में मामला दर्ज करवाया। वहीं परमानंद कुमावत ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि 15 अप्रैल की सुबह को वह अपनी पत्नी प्रेम देवी की आंखों को शाहपुरा में हॉस्पिटल से दिखाकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान भाबरू पुलिया के ऊपर सुबह करीब 11.50 पर मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए और पत्नी प्रेम देवी के गले से मंगलसूत्र छीन कर ले गए जिससे की पत्नी प्रेम देवी मोटरसाइकिल से गिर गई। वहीं गिरने से गंभीर घायल हो गई तथा एक पैर भी फैक्चर हो गया। इधर भाबरू थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

## पीडब्ल्यूडी की समीक्षा बैठक, उच्च गुणवत्ता एवं लो मेंटीनेंस के साथ ग्रीन बिल्डिंग पर फोकस करें

### मंदिरों एवं अन्य भवनों की मरम्मत के दौरान मूलस्वरूप बरकरार रखें– उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिये हैं कि भवन निर्माण में सौर उर्जा एवं जल संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि नये भवन उच्च गुणवत्ता एवं लो मेंटीनेंस को ध्यान में रखते हुए तैयार किये जाये। भवन निर्माण में ज्यादा से ज्यादा फोकस ग्रीन बिल्डिंग पर किया जाये ताकि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके। उपमुख्यमंत्री गुरूवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित पीडब्ल्यूडी की भवन निर्माण शाखा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सार्वजनिक निर्माण विभाग मंदिरों एवं अन्य हैरिटेज स्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य करवाते समय उनके मूलस्वरूप को बरकरार रखें। उन्होंने कहा कि ये मंदिर और अन्य स्थल वर्षों पहले स्थानीय सामग्री एवं स्थानीय शिल्प कला का उपयोग करके बनवाए गये हैं। इनकी मरम्मत के दौरान उसी सामग्री एवं शिल्प कला का ध्यान रखा जाये। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि इस प्रकार के जीर्णोद्धार कार्यों में कंजर्वेशन सलाहकार की सलाह आवश्यक रूप से ली जाये ताकि इन भवनों का मूलस्वरूप संरक्षित रखा जा सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डाक बंगलों की स्थिति सुधारने के लिए विशेष प्लान बनाकर उसे क्रियान्वित किया जाये। उन्होंने प्रदेश के डाक बंगलों के अपग्रेडेशन एवं उनके रखरखाव हेतु विस्तृत योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव पीडब्ल्यूडी डी आर मेघवाल सहित विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेदखली नाम

मैं सत्यनारायण पुत्र भोमाराम आयु 45 वर्ष जाति मोची निवासी वार्ड नंबर 7 कस्बा तारानगर तहसील तारानगर जिला चुरु राजस्थान सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे एक पुत्र जिसका नाम नीतीश आयु 13 वर्ष है तथा तीन पुत्रियां हैं जिनके नाम शालू आयु 22 वर्ष, भारती आयु 20 वर्ष,एवं खुशबू आयु 18 वर्ष हैं , इनका मैं भरण पोषण और देखभाल कर रहा हूं ।मैं मेरी बड़ी पुत्री शालू का विवाह भी कर दिया है तथा मेरे पास अब मेरा एक पुत्र और दो पुत्रियां रहती हैं लेकिन मेरी एक पुत्री भारती मेरा कहना नहीं मानती है, वो अपनी मर्जी से घर से बाहर जाती -आती है और हमारे कहने में नहीं है अतः मैं आज मेरी पुत्री भारती को मेरी जमीन जायदाद से बेदखल कर रहा हूं ।आज के बाद यदि कोई इसे किसी प्रकार का लेनदेन या संबंध रखेगा वह उसके लिए खुद जिम्मेदार होगा उसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगा।

# 25 साल से लंबित भविष्य निधि भुगतान से शिक्षिका को राहत, जिला स्तरीय जनसुनवाई में 199 प्रकरणों की सुनवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई आमजन के लिए राहत का कारण बनी। जनसुनवाई में 25 वर्षों से लंबित एक शिक्षिका की भविष्य निधि की राशि स्वीकृत होने पर उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। शिक्षिका शारदा देवी को 10 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान स्वीकृत हुआ, जिससे वे भावुक हो उठीं। यह जनसुनवाई जयपुर सांसद मंजू शर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की। इस मौके पर विधायक डॉ. शिखा मील बराला सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने कुल 199 परिवेदनाएं सुनीं, जिनमें 76 राजस्व प्रकरण शामिल थे। इनमें से 18 प्रकरणों का मौके पर ही समाधान कर फरियादियों को राहत दी गई। डॉ. सोनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष प्रकरणों का समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सार्थक पहल है और अधिकारी इसे गंभीरता से लें। जनसुनवाई में विभिन्न विषयों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं, जिनमें मुख्य रूप से अतिक्रमण हटवाने, पेंशन शुरू करवाने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल आपूर्ति दुरुस्त कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण, आवासीय पट्टा जारी कराने, नामांतरण, तथा जमीन विवाद जैसे विषय प्रमुख रहे। डॉ. सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ लें और शिकायतकर्ता को राहत देने की दिशा में ठोस प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, (तृतीय) कुंतल विश्नोई, (चतुर्थ) देवेन्द्र कुमार जैन, (दक्षिण) संतोष कुमार मीणा, एवं (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इनमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पुलिस, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, कृषि, वन एवं राजस्व विभाग प्रमुख रूप से शामिल थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में नियमित जनसुनवाइयों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हो सके। मुख्यमंत्री स्वयं जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील हैं और पारदर्शी प्रशासन की स्थापना की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस जनसुनवाई में न सिर्फ समस्याएं सुनी गईं बल्कि कुछ मामलों में तुरंत राहत देकर यह संदेश भी दिया गया कि प्रशासन आमजन के साथ है। भविष्य निधि जैसे वर्षों से लंबित प्रकरणों के समाधान से आमजन का प्रशासन में भरोसा और मजबूत हुआ है।

## खाद्य मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक, योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रियता के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को मंत्रालय भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को अधिक फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़ी योजनाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निष्क्रिय कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने 'गिव अप अभियान' की सराहना करते हुए कहा कि इससे अपात्र लाभार्थियों द्वारा सब्सिडी छोड़ने से गरीबों को वास्तविक लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सप्ताह में कम से कम तीन दिन फील्ड में रहकर राशन दुकानों का निरीक्षण करने और राशन डीलरों से संवाद कर अभियान को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। बैठक में गवर्नमेंट अप्रूव्ड टेस्ट सेंटर की स्थापना को लेकर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि इन केंद्रों से न सिर्फ उपभोक्ता अधिकार सुरक्षित होंगे, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। में माप और वजन उपकरणों की जांच कर सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। राशन डीलरों की अनुकंपा नियुक्तियों के लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया गया। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 500 नई निःशुल्क राशन दुकानों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया से आवंटन किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में अब तक 5 लाख मैट्रिक टन गेहूं की खरीद समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। 10 मार्च से चल रही इस प्रक्रिया में किसानों को बोनस राशि भी दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शिता और दक्षता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने दूरदराज क्षेत्रों में अन्नपूर्णा भंडार खोलने की योजना की जानकारी दी, जहां सस्ते व गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे आमजन को राहत और स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, निगम के एमडी राजेंद्र वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ? सौम्या गुर्जर ने ली निर्माण शाखा के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

### 30 मई तक नाला सफाई के निर्देश, मुख्य मार्गो की रेड लाईट पर आमजन को गर्मी से बचाव हेतु ग्रीन नेट लगायी जायेगी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ? सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में गुरूवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मिटिंग हॉल में निर्माण शाखा से संबंधित कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें वार्डो में किये जा रहे विकास कार्यों के सम्बध में चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड सभी जोन, मुख्यालय के अधिशाषी अभियंता मौजूद रहे। बैठक में महापौर ने प्रत्येक वार्ड में कराये गये 50-50 लाख के विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट ली। इसके साथ ही तिलक नगर सामुदायिक केन्द्र के कैम्पस में उपलब्ध खाली भूमि पर अत्याधुनिक ऑडिटेरियम बनाये जाने, निगम मुख्यालय के कैम्पस गार्डन एरिया में ट्रिपल बेसमेन्ट पार्किग बनाये जाने, यूएलबी क्लब निर्माण, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अटल स्मृति उद्यान, अटल क्लब बनाने, 8 वर्ष के आयु के बच्चों के लिए एक्सक्लूसिव चिल्ड्रन पार्क विकसित करने के संबंध में सबंधित अधिकारी से जानकारी ली, तथा श्रीघ ही कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिये। महापौर ने बताया की गर्मी को देखते हुए रेड लाईट पर ग्रीन नेट लगाया जाये जिससे आमजन जो कि रेड लाईट पर खड़े होकर इंतजार करते है उन्हे परेशान नही होना पडे। इसके साथ ही परिण्डे भी लगाया जावें, जिससे पक्षियों को गर्मियों दाना-पानी मिल सके। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को 30 मई तक का नाला सफाई का टारगेट दिया, तथा नाला सफाई के बाद नालों को ढकने, फैरों कवर लगाने के भी निर्देश दिये।

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 19 और 21 अप्रैल को रहेंगे सीकर दौरे पर, प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 19 और 21 अप्रैल को सीकर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, जनसुनवाई करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। जिला प्रशासन ने उनकी यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त कर दिए हैं। मुख्यमंत्री का 19 अप्रैल को सुबह 11.10 बजे जयपुर के गोविन्दगढ़ से प्रस्थान कर सरगोठ पहुंचने का कार्यक्रम है। इसके बाद वे रींगस, पलसाना, बाजौर होते हुए सीकर के सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां जनसुनवाई और जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन होगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री धोद चौराहा, लक्ष्मणगढ़ होते हुए फतेहपुर पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 20 अप्रैल को वे फतेहपुर से मंडावा के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री 21 अप्रैल को फिर से सीकर के दांतारामगढ़ तहसील स्थित प्रेमपुरा गांव में आयोजित स्वर्गीय ईश्वर राम हिण्डाला की प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से फागी के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। सरगोठ से लेकर फतेहपुर तक के सम्पूर्ण यात्रा मार्ग पर उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को कानून व्यवस्था और वीआईपी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अधिकारी पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। इसके साथ ही शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने स्पष्ट किया है कि राज्य में केवल दो संगठनों– हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स, राजस्थान राज्य (मुख्यालय उदयपुर) और राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड (मुख्यालय जयपुर) को ही मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इन संगठनों के नाम, झंडा, बिल्ला, वर्दी या प्रतीक चिह्न का कोई निष्कासित या बाहरी व्यक्ति उपयोग नहीं कर सकता। ऐसा करना कानूनन अपराध होगा और इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन जुड़वां शिशुओं को मिला एसएनसीयू उपचार से नवजीवन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नागौर जिले के राजकीय जेएलएन अस्पताल की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एस.एन.सी.यू.) में एक बार फिर नवजात शिशु चिकित्सा सेवा ने उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। इस इकाई में उपचारत तीन गंभीर स्थिति के जुड़वा कम वजन के नवजात शिशुओं को नवजीवन प्राप्त हुआ है। निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत ने बताया कि नागौर जिले के निजी अस्पताल में जन्मे इन तीन जुड़वा शिशुओं को गंभीर स्थिति में 11 फरवरी को नागौर के राजकीय जेएलएन अस्पताल की एसएनसीयू में भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों शिशुओं का जन्म के समय सामान्य से बहुत कम वजन मात्र 910 ग्राम, 930 ग्राम और 960 ग्राम था और उनका जीवन खतरे में था। चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की विशेष देखभाल, तकनीकी विशेषज्ञता और उच्चस्तरीय चिकित्सा उपकरणों के कारण आज तीनों सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं। परियोजना निदेशक बाल स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी ने बताया कि शिशुओं के फेफड़ों की स्थिति को सुधारने में 'सर्फेक्टेंट' थैरेपी का उपयोग करते हुए निजी क्षेत्र में अत्यधिक महंगा रहने वाला यह उपचार एसएनसीयू इकाई में निशुल्क उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 67 दिन की सतत चिकित्सा, पोषण प्रबंधन, ऑक्सीजन सपोर्ट, संक्रमण नियंत्रण और माँ के दूध की निरंतर व्यवस्था के कारण अब तीनों बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो चुका है और उनका वजन सुरक्षित स्तर तक बढ़ चुका है। चिकित्सकों की देखरेख में अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट राजकीय चिकित्सालयों में संचालित हैं ओर नवजात शिशुओं के लिए उच्च स्तरीय उपचार-देखभाल सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवा रही हैं।

### नवीन आवासीय योजनाओं को लेकर मण्डल में तैयारियाँ तेज

# आवासन आयुक्त ने ली अहम बैठक

### कार्यप्रगति की समीक्षा के साथ दिए आवश्यक दिशा निर्देश

### जयपुर में भी आयेगी विभिन्न आय वर्ग के लिए आवासीय योजना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान आवासन मण्डल आम आदमी के आवास का सपना पूरा करने के लिए अविराम प्रयासरत है । राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विति में अप्रैल और मई माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों– जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, कोटा और हनुमानगढ़ में विभिन्न आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करने जा रहा है। इन योजनाओं के अंतर्गत फ्लैट्स और स्वतंत्र आवास दोनों प्रकार के विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे ई डब्लू एस, एलआईजी, मध्यम आय वर्गों और उच्च आय वर्गों के परिवारों को किफायती, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसी के साथ ही अटरू, गजनपुरा,नैनवा , लाखेरी और धौलपुर में भी विभिन्न आवासीय योजना जल्द शुरू की जायेंगी । इसी के साथ ही जैसलमेर तथा नीमराना के करीब शाजहानपुर में भी मण्डल जल्द नवीन आवासीय योजना लाने की तैयारी कर रहा है। इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और विकास कार्यों में तेजी लाने को लेकर गुरुवार को आवास भवन में आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने अहम बैठक ली । डॉ शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंसानुरूप आवासन मण्डल आम जन के आवास के सपने को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध है । उन्होंने अभियंताओं एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन नवीन योजनाओं से संबंधित सभी कार्यों को सर्वोच प्राथमिकता के साथ पूरा करें साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि इनके निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए । डॉ शर्मा ने कहा कि चाहे ई नीलामी हो या आवासीय योजना , सैंकड़ों आवेदन और नीलामी द्वारा अर्जित करोड़ों का राजस्व इस बात का प्रमाण है कि आज भी आवासन मण्डल संपत्तियों में निवेश एवं घर खरीदने के लिए लोगों की पहली पसंद है । हमे हरसंभव प्रयास करना है कि हम इस प्रथम पायदान पर बने रहें और भविष्य में भी मण्डल के प्रति लोगों के विश्वास और रुझान को कायम रख सकें । उल्लेखनीय है कि जयपुर के सेक्टर -26 प्रताप नगर तथा सेक्टर 5 मानसरोवर में भी आवासन मण्डल विभिन्न आय वर्ग के लिए 2 नई योजनाएं लाने जा रहा है इस बैठक में नवीन योजनाओं के साथ ही अन्य मुद्दों पर भी गहन मंथन किया गया । डॉ शर्मा ने मानसून से पहले ही अपनी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मण्डल की परियोजनाओं में जहाँ कहीं भी जल भराव की समस्या है उसका समय रहते निरीक्षण कर समाधान निकालें ताकि जल भराव से वहाँ के रहवासियों को राहत मिल सके । इसी के साथ ही बैठक में संपत्तियों के चिन्हितीकरण व भूमि अधिग्रहण के प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई । आवासन आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि मण्डल की संपत्तियों को चिन्हित कर वहाँ बोर्ड लगाएं ताकि उन संपत्तियों पर अवैध कब्जे न हों साथ ही अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई कर मण्डल मुख्यालय को अवगत करवायें । इस बैठक में सचिव डॉ अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता श्री अमित अग्रवाल, श्री टी एस मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रतीक श्रीवास्तव, मुख्य नगर नियोजक श्री अनिल माथुर सहित समस्त उच्च अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे ।

# आधी सच्चाई का लाइव तमाशा: रिश्तों की मौत का नया मंच

**आजकल लोग निजी झगड़ों और रिश्तों की परेशानियों को सोशल मीडिया पर लाइव आकर सार्वजनिक करने लगे हैं, जहां आधी-अधूरी सच्चाई दिखाकर सहानुभूति बटोरी जाती है। 'सुट्टा आली' और 'मुक्का वाली' जैसे मामलों में देखा गया कि जब दूसरा पक्ष सामने आया, तो पहले समर्थन करने वाले लोग उलझन में पड़ गए। सोशल मीडिया अब इंसाफ़ का मंच नहीं, तमाशा बनता जा रहा है, जहां रिश्ते कंटेंट बनकर बर्बाद हो रहे हैं। इस डिजिटल दिखावे से बाहर निकलने का रास्ता संवाद, संयम और सच्चाई पर आधारित समझदारी है। रिश्तों को बचाने के लिए पहले उन्हें सार्वजनिक न करें, बल्कि निजी स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें। आधी सच्चाई दिखाकर न्याय मांगना रिश्तों की मौत का कारण बन सकता है।**

डॉ सत्यवान सौरभ

घर के अंदर की बातें अब घर के नहीं रहीं। एक वक़्त था जब दीवारों के भीतर जो होता था, वही दीवारों में दफ़न होता था। पर अब दीवारें भी वाई-फाई से जुड़ चुकी हैं और रिश्ते डेटा पैक पर टिके हैं। बात-बात पर फेसबुक लाइव, इंस्टा स्टोरी, और यूट्यूब व्लॉग – यही अब नए जमाने का रिश्ता-निपटान मंच बन गए हैं। कोई थोड़ा-बहुत झगड़ा हुआ नहीं, लोग कैमरा ऑन करके "ऑडियंस" के सामने आंसू बहाने लगते हैं। और उस रोते चेहरे के पीछे कितनी सच्चाई है, इसका किसी को अंदाज़ा नहीं होता – क्योंकि कहानी का दूसरा पहलू अक्सर बेमौसम आता है, या कभी आता ही नहीं।

**रोते हुए लाइव, और सहानुभूति का सैलाब**

आजकल रिश्तों में सहनशीलता नहीं, स्क्रिप्टिंग आई है। जैसे ही किसी झगड़े या मनमुटाव की चिंगारी उठती है, लोग अपने कैमरे चालू कर लेते हैं और "लाइव" आकर खुद को पीड़ित घोषित कर देते हैं। आवाज़ में कंपकंपी, आंखों में आंसू, और शब्दों में दर्द – सब कुछ इतना 'रियल' होता है कि देखने वाला पल भर में 'इमोशनल इन्वेस्ट' कर बैठता है।

**पर सवाल ये है कि क्या वो सच्चाई का पूरा चेहरा देख रहा है, या बस आधा?**

आज की मिसाल लीजिए – सोशल मीडिया पर पहले 'सुट्टा आली' प्रकरण छाया रहा और अब 'मुक्का वाली' मामला। दोनों में ही एक पक्ष ने पहले सोशल मीडिया पर आकर सहानुभूति बटोरी। लोग टूट पड़े समर्थन में, ट्रोलिंग शुरू हुई, इल्ज़ामों की झड़ी लग गई। लेकिन जब कुछ समय बाद दूसरा पहलू सामने आया, तो वही हमदर्द दोराहे पर खड़े दिखे। कोई खिसियाया, कोई चुप हो गया, और कुछ ने हाथ जोड़ लिए – "हमें तो पूरी बात पता ही नहीं थी।"

**सोशल मीडिया- इंसाफ़ का नया अदालत?**

अब सवाल उठता है – क्या सोशल मीडिया कोई अदालत है, जहां एकतरफा सबूत पेश करके दूसरे पक्ष को बिना सुने सज़ा सुनाई जा सकती है? क्या हम सब यूज़र्स अब जज बन चुके हैं? और अगर हां, तो हमारी अदालत में अपील की व्यवस्था कहां है?

दिक्कत ये है कि आजकल लोग जज नहीं, जजमेंटल बन चुके हैं। किसी भी मुद्दे को बिना सोचे, बिना समझे, बिना जांचे – बस वायरल होने की स्पीड से नापते हैं। 'कौन सही है' से ज़्यादा अहम हो गया है 'कौन पहले लाइव आया'।

**रिश्ते अब रील और रेटिंग का हिस्सा बन गए हैं**

जब एक रिश्ते की दरार को सार्वजनिक किया जाता है, तो उसका असर केवल उस रिश्ते पर नहीं, समाज पर भी पड़ता है। यह एक विकृति बनती जा रही है, जहां निजी दर्द सार्वजनिक मनोरंजन बन रहा है। और इसे प्रोत्साहन मिलता है व्यूज़, लाइक्स और फॉलोवर्स की भूख से। एक जमाना था जब लोग अपने रिश्तों को बचाने के लिए कुछ भी कर जाते थे – आज लोग लाइक और शेयर के लिए अपने रिश्ते खुद बर्बाद कर देते हैं। मीडिया से ज़्यादा, मिडियाई मानसिकता दोषी है

यह केवल 'मीडिया ट्रायल' का मुद्दा नहीं है। असली समस्या उस मानसिकता की है जो कैमरा ऑन होते ही खुद को पीड़ित घोषित कर देती है और दर्शकों को जूरी बना देती है। यह 'हाफ ट्रुथ पॉलिटिक्स' अब राजनीति तक सीमित नहीं रही – यह अब हमारे घरों में घुस चुकी है। लोग अपने ग़ुस्से और दुख को शब्दों में नहीं, स्क्रिप्टेड कंटेंट में ढाल रहे हैं। और दर्शक भी, असल में मदद करने के बजाय, तमाशबीन बने रहते हैं – स्क्रीन के उस पार तालियाँ बजाते हुए।

**रिश्ते सहारे से ज़्यादा, स्क्रीन पर टिके हैं**

इस डिजिटल युग में रिश्ते अब संवाद से नहीं, कंटेंट से चलने लगे हैं। पार्टनर से बात करने की जगह, लोग सोशल मीडिया पर 'इंडिरेक्ट' पोस्ट करते हैं। लड़ाई होती है, तो स्टोरी लगती है – "सब कुछ सहने की भी एक हद होती है"। और फिर लाइक, कमेंट और शेयर की बाढ़ आती है, जो उस रिश्ते के फटे कपड़े में और कील ठोक देती है।क्या कोई रास्ता है इस 'डिजिटल ड्रामा' से बाहर निकलने का? बिलकुल है। पर शुरुआत हमें ही करनी होगी। किसी भी झगड़े या विवाद को सार्वजनिक करने से पहले, अपने सबसे करीबी से निजी तौर पर बात करें। संवाद हर समस्या का पहला समाधान है। अगर मामला गंभीर है, तो परिवार, मित्र या थैरेपिस्ट की मदद लें। इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर वीडियो बनाकर दुनिया से इंसाफ की उम्मीद न करें। अगर आप किसी का वीडियो या पोस्ट देख रहे हैं, तो एकतरफा निर्णय न लें। हर कहानी के दो पहलू होते हैं, और कभी-कभी सच्चाई दोनों के बीच कहीं होती है। हर रिश्ता अपने आप में एक दुनिया होता है। उसे सार्वजनिक चौराहे पर न उधेड़ें। एक दिन वही दुनिया आपके खिलाफ खड़ी हो सकती है।

आज जब हर व्यक्ति अपने हाथ में मीडिया लेकर घूम रहा है, तब सबसे बड़ा ज़िम्मेदार भी वही है। कैमरा ऑन करना आसान है, पर सच्चाई को ईमानदारी से दिखाना मुश्किल। रिश्ते भरोसे से बनते हैं, और भरोसे की बुनियाद संवाद से मजबूत होती है, तमाशे से नहीं। हर बार लाइव आकर रोना-धोना करने से सहानुभूति तो मिल सकती है, लेकिन रिश्ते नहीं बचते। और जब दूसरा पक्ष सामने आता है, तो फिर न सिर्फ़ रिश्ता, बल्कि भरोसा भी मरता है – उस इंसान का भी और उस समाज का भी, जो बस 'लाइव' देखकर न्याय करने को तैयार बैठा था। इसलिए अगली बार जब कोई रोता हुआ वीडियो सामने आए – ज़रा रुकिए। सवाल पूछिए, दोनों पक्षों को सुनिए। क्योंकि असल इंसाफ वही है जो तटस्थ हो, और इंसाफ़ के बिना कोई भी तमाशा बस एक और रिश्ते की मौत होती है – 'डिजिटल स्टेज' पर।

# पीडीए को मजबूत करने की रणनीति है अखिलेश का दलित प्रेम



अजय कुमार,लखनऊ

उत्तर प्रदेश में दलित राजनीति का मिजाज लगातार बदल रहा है। बसपा के चुनावी रण में कमजोर पड़ते ही सभी दलों ने बीएसपी के कोर दलित वोटरों को अपने पाले में लाने के लिये बिसात बिछाना शुरू कर दी है। यह सिलसिला 2017 से शुरू हुआ था और अब चरम पर नजर आ रहा है। इसी का परिणाम है कि अब किसी भी चुनाव में दलित वोटों में भी बिखराव देखने को मिलता है। स्थिति यह कि मौजूदा राजनीति में महात्मा गांधी तो अप्रासंगिक हो गये हैं जबकि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का 'सिक्का' चल रहा है।कांग्रेस जिसने गांधी के नाम के सहारे कई चुनाव जीते अब उसे भी बाबा साहब में अपना भविष्य नजर आता है। कुछ वोट बैंक के सौदागरों द्वारा बाबा साहब को ऐसा महिमामंडित कर दिया गया है मानों पूरा संविधान उन्हीं ने तैयार किया था। वोट बैंक की खातिर देश के संविधान को बाबा साहब का संविधान कहकर प्रचारित प्रसारित किया जाता है,जबकि हकीकत में राजनैतिक दलों की यह सब कसरत दलित वोटों के लिये है।यूपी में भाजपा और समाजवादी पार्टी आजकल दलितों के नये रहनुमा बनने में लगे हैं। यह इस लिये है क्योंकि यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं, और समाजवादी पार्टी (सपा) ने दलित समुदाय को अपने पक्ष में करने के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने श्पीडीएश् (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन को केंद्र में रखते हुए दलित नेताओं को पार्टी में शामिल किया है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दलित मतदाताओं तक पहुँचने का प्रयास कर रहे हैं।

सपा ने 2022 के विधानसभा चुनावों में इंद्रजीत सरोज, त्रिभुवन दत्त, आर.के. चैधरी और राम प्रसाद चैधरी जैसे प्रमुख दलित नेताओं को पार्टी में शामिल किया था। अब इसमें नया नाम बसपा के पूर्व दलित नेता दद्दू प्रसाद का शामिल हो गया है। इन नेताओं को अब 2027 के चुनावों के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं, ताकि वे अपने समुदाय के वोटों को सपा के पक्ष में मोड़ सकें। इसके अतिरिक्त, फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद को दलित चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिन्हें अखिलेश यादव लगातार अपने साथ रख रहे हैं।

सपा ने श्पीडीए पर चर्चाश् नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समुदायों को भाजपा सरकार द्वारा उनके अधिकारों पर किए जा रहे हमलों और संविधान के साथ हो रहे खिलवाड़ के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पीडीए समुदाय के लोगों से संवाद कर रहे हैं और उन्हें सपा की नीतियों से अवगत करा रहे हैं। सपा ने दलित समुदाय के साथ अपनी एकजुटता दिखाने के लिए विभिन्न प्रतीकात्मक कदम उठाए हैं। लखनऊ में पार्टी कार्यालय के बाहर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, राम मनोहर लोहिया और हनुमान जी की तस्वीरों वाले होर्डिंग्स लगाए गए हैं, जिन पर हम दलितों के साथ हनुमान जी जैसे संदेश लिखे गए हैं। इसके अलावा, पार्टी ने अंबेडकर जयंती पर बड़े कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है, ताकि दलित समुदाय के साथ अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया जा सके।

सपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में उम्मीदवार चयन में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समुदायों को प्राथमिकता दी थी। पार्टी ने 57 उम्मीदवारों में से 15 अनुसूचित जाति, 29 पिछड़े वर्ग और 4 मुस्लिम समुदाय से उम्मीदवार उतारे थे। इस संतुलन को 2027 के विधानसभा चुनावों में भी बनाए रखने की योजना है, ताकि पीडीए गठबंधन को और मजबूत किया जा सके।इसी क्रम में अखिलेश यादव भाजपा सरकार पर दलितों और आदिवासियों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हैं।वह कहते हैं कि भाजपा सरकार पीडीए समुदाय के लोगों की नियुक्ति रोक रही है और उनके अधिकारों को छीन रही है। अखिलेश ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान और आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर रही है, और उन्होंने पीडीए समुदाय से भाजपा को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया है।

लब्बोलुआब यह है कि समाजवादी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए दलित समुदाय को अपने पक्ष में करने के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई है। पार्टी ने दलित नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं, पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम शुरू किया है, प्रतीकात्मक कदम उठाए हैं, उम्मीदवार चयन में संतुलन बनाए रखा है, और भाजपा पर तीखे आरोप लगाए हैं। 14 अप्रैल को बाबा साहब की 150 जयंती के समय भी समाजवादी पार्टी ने पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। अखिलेश यादव ने लखन में बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प चढ़ाकर उनके नमन किया । अखिलेश के इन सभी प्रयासों का उद्देश्य दलित समुदाय के समर्थन को हासिल करना और 2027 के चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करना है।

# बीजेपी की मजबूरी है तमिलनाडु में गठबंधन की सियासत



संजय सक्सेना,लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी और दिवंगत जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके के बीच तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ गठबंधन ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पार्टी की नींद उड़ा दी है। यह गठबंधन बीजेपी के रणनीतिकार अमित शाह की देन बताई जा रही है।हालांकि अभी तक दोनों दलों के दिल मिलते नहीं दिखाई दे रहे हैं। वजह हैं एआईएडीएमके नेता ई. पलानीस्वामी के बयानों में बार-बार आ रहा असमंजस। तमिलनाडु की राजनीति में यह कोई पहला मौका नहीं है जब चुनावी गणित के चलते विरोधी दलों ने हाथ मिलाया हो, लेकिन सत्ता साझा करने को लेकर जो स्पष्टता होनी चाहिए, उसकी यहां भारी कमी नजर आ रही है। अमित शाह ने खुद चेन्नई जाकर गठबंधन की सार्वजनिक घोषणा की, यहां तक कि दावा भी कर दिया कि अगली सरकार तमिलनाडु में एआईएडीएमके-बीजेपी की होगी। लेकिन जब पलानीस्वामी से इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने साफ कह दिया कि उनका बीजेपी के साथ सिर्फ चुनावी गठबंधन है, सरकार साझा नहीं की जाएगी। इससे बड़ा संकेत और क्या हो सकता है कि गठबंधन का भविष्य बेहद अनिश्चित है।

यह सब तब हो रहा है जब बीजेपी ने अन्नामलाई जैसे उभरते नेता को हटाकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। तब माना गया कि पलानीस्वामी की शर्त पूरी कर दी गई है और अब गठबंधन में कोई बाधा नहीं रहेगी। लेकिन अब जिस तरह से एआईएडीएमके लगातार यह कह रही है कि बीजेपी के साथ मिलकर सिर्फ चुनाव लड़ेंगे, सरकार नहीं बनाएंगे, उससे साफ है कि उनके इरादे पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं यह गठबंधन केवल अन्नामलाई को हटवाने की रणनीति तो नहीं थी? जिस प्रकार से पलानीस्वामी ने पहले अन्नामलाई के खिलाफ मुखर विरोध जताया और अब अन्नामलाई की विदाई के बाद भी नए मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं, उससे संदेह और भी गहराता जा रहा है। गौरतलब है कि तमिलनाडु की राजनीति में हिंदी विरोध, सांस्कृतिक पहचान, और क्षेत्रीय स्वाभिमान जैसे मुद्दे हमेशा हावी रहे हैं। ऐसे में बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी से जुड़ाव अक्सर द्रविड़ दलों के लिए एक राजनीतिक जोखिम बन जाता है। पलानीस्वामी भी शायद इसी वजह से खुलकर बीजेपी के साथ सत्ता साझा करने से बच रहे हैं। वह एक तरफ डीएमके को सत्ता से हटाने के लिए बीजेपी के समर्थन का लाभ उठाना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर बीजेपी से दूरी बनाकर अपने क्षेत्रीय वोट बैंक को भी साधना चाहते हैं। यही वजह है कि वह बार-बार स्पष्ट कर रहे हैं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी नेता होंगे और तमिलनाडु में सिर्फ वह यानी पलानीस्वामी। इससे संकेत मिलता है कि एआईएडीएमके नहीं चाहती कि तमिलनाडु में बीजेपी को ज्यादा ताकत मिले।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह का गठबंधन तमिलनाडु की राजनीति में नया नहीं है। डीएमके और एआईएडीएमके ने अक्सर चुनावों में गठबंधन किए हैं, लेकिन राज्य की सत्ता में आने के बाद अपने सहयोगियों को सत्ता में भागीदारी देने से कतराते रहे हैं। डीएमके, कांग्रेस और वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव जीतती है, लेकिन सरकार सिर्फ डीएमके की बनती है। कुछ ऐसा ही पैटर्न अब एआईएडीएमके भी अपनाना चाहती है। यानी चुनावी फायदा लेने के लिए बीजेपी के साथ हाथ मिलाया जाए, लेकिन सत्ता में उन्हें हिस्सा न दिया जाए। इससे लगता है कि जयललिता की पार्टी, बीजेपी को कहीं सिर्फ एक वोट बैंक के तौर पर तो इस्तेमाल नहीं कर रही है।क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 11 फीसदी से अधिक वोट हासिल हुए थे,जो किसी भी चुनाव में किसी भी दल की जीत हार का अंतर कम और बढ़ा सकते हैं।

अगर हम आंकड़ों पर नजर डालें तो 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और एआईएडीएमके के गठबंधन को लगभग 40 फीसदी वोट मिले थे, जबकि डीएमके और उसके सहयोगियों को 45 प्रतिशत। यानी मुकाबला कड़ा था। लेकिन जब 2023 में अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तब से एआईएडीएमके के साथ बीजेपी के रिश्तों में खटास आ गई। आखिरकार 2023 में यह गठबंधन टूट गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा, और नुकसान दोनों को हुआ। एआईएडीएमके को 20.46 फीसदी वोट मिले और बीजेपी को अकेले 11.24 प्रतिशत, यानी एनडीए को कुल 18.28 प्रतिशत। अगर ये दोनों साथ होते तो आंकड़ा लगभग 41 फीसदी के पास पहुंचता, जो डीएमके गठबंधन के 47 प्रतिशत के मुकाबले कुछ हद तक टक्कर दे सकता था।

बीजेपी को इस आंकड़े से यह सीख जरूर मिली कि तमिलनाडु में वह अकेले दम पर अभी सत्ता में नहीं आ सकती। इसलिए उन्होंने फिर से एआईएडीएमके से हाथ मिलाने का फैसला किया। लेकिन अन्नामलाई जैसे नेता की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और आक्रामक शैली को देखकर पलानीस्वामी ने शायद खतरे की घंटी महसूस की और अन्नामलाई को हटाने की शर्त रख दी। बीजेपी ने यह शर्त मानकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया, लेकिन अब भी एआईएडीएमके का रुख सख्त है। इस पूरे घटनाक्रम से यही प्रतीत होता है कि पलानीस्वामी गठबंधन के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन सत्ता में बीजेपी को साझीदार बनाने से कतरा रहे हैं।

यहां एक और दिलचस्प बात यह है कि तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने इस पूरे विवाद पर बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार बनाने का फैसला दोनों पार्टियों के नेतृत्व द्वारा सही समय पर किया जाएगा। यानी फिलहाल बीजेपी भी खुलकर कुछ कहने से बच रही है। अमित शाह ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर यही बात दोहराई थी कि उचित समय पर सब स्पष्ट किया जाएगा। इससे यह साफ होता है कि बीजेपी पलानीस्वामी के बयानों से नाराज तो है लेकिन अभी किसी टकराव की स्थिति नहीं बनाना चाहती।

लेकिन क्या बीजेपी का यह नरम रवैया उसे लंबे समय तक नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्योंकि, अगर चुनाव जीतने के बाद भी उसे सत्ता में हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तो उसके कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ेगी। इससे पार्टी की छवि कमजोर होगी और तमिलनाडु जैसे राज्य में जहां बीजेपी अब तक सत्ता से दूर रही है, वहां वह अपनी पहचान मजबूत नहीं कर पाएगी। वहीं पलानीस्वामी का यह दोहरा खेल यह दिखाता है कि वह एक तरफ बीजेपी का सहारा लेकर डीएमके को हराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी ओर बीजेपी को सत्ता से बाहर रखकर अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत भी करना चाहते हैं। यह रणनीति चतुर जरूर है, लेकिन स्थायित्व के लिहाज से बेहद खतरनाक भी है।

बीजेपी के लिए यह गठबंधन एक बड़ा अवसर भी है और एक बड़ी चुनौती भी। अवसर इसलिए कि एआईएडीएमके जैसे मजबूत क्षेत्रीय दल के साथ आकर वह तमिलनाडु में अपनी मौजूदगी को मजबूत बना सकती है। और चुनौती इसलिए क्योंकि अगर एआईएडीएमके ने चुनाव जीतने के बाद बीजेपी को सत्ता में हिस्सा नहीं दिया तो यह गठबंधन सिर्फ चुनावी सौदा बनकर रह जाएगा, जिसका कोई दीर्घकालिक फायदा नहीं होगा। बीजेपी को यह तय करना होगा कि वह सिर्फ वोट बैंक के लिए सहयोगी बने रहना चाहती है या सत्ता में हिस्सेदारी के लिए सख्ती भी दिखाएगी।

वहीं पलानीस्वामी भी शायद इस बात को भली-भांति समझते हैं कि डीएमके को हराने के लिए बीजेपी का साथ जरूरी है। लेकिन वो ये भी जानते हैं कि अगर बीजेपी को सत्ता में साझीदार बना लिया गया तो उनके खुद के नेतृत्व पर सवाल उठ सकते हैं। यही कारण है कि वो एक ऐसी लाइन पर चल रहे हैं जहां दोनों पक्षों को साधने की कोशिश हो रही है डीएमके के विरोधियों को खुश रखने के लिए बीजेपी से गठबंधन और तमिल गौरव तथा क्षेत्रीय स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए बीजेपी को सत्ता से दूर रखने की बात।

यह राजनीति का वह खेल है जिसमें हर मोहरा अपने समय पर चलता है। तमिलनाडु में होने वाले 2026 के चुनाव इससे अलग नहीं होंगे। पलानीस्वामी का यह रुख अगर चुनाव के बाद भी बरकरार रहता है तो बीजेपी के लिए यह बड़ा झटका होगा। वहीं अगर बीजेपी अपने वोट बैंक को बढ़ाने में सफल होती है, तो आने वाले समय में वह एआईएडीएमके की तरह किसी दल पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं समझेगी। तब शायद तमिलनाडु की राजनीति का गणित एक बार फिर नया मोड़ ले ले।

अभी के लिए इतना तय है कि यह गठबंधन स्थायी नहीं, बल्कि एक अस्थायी राजनीतिक समझौता है, जिसमें दोनों पार्टियां अपने-अपने फायदे की तलाश कर रही हैं। लेकिन कब यह फायदे नुकसान में बदल जाएं, और कब यह गठबंधन एक बार फिर टूट जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं है। चुनावी जमीन पर असल तस्वीर तभी साफ होगी जब वोटों की गिनती होगी और फैसला सामने आएगा कि तमिलनाडु की जनता इस गठबंधन को किस रूप में देखती है एकजुट ताकत के रूप में या फिर एक जबरन थोपी गई साझेदारी के तौर पर यह आने वाला समय बतायेगा।

# चीन अमेरिका टैरिफ वार में अमन सामने, भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार



संजीव ठाकुर, लेखक,

चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद 100 दिनों में डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही सामने आती दिखाई दी है। मूलतः बड़े व्यवसाय से जुड़े व्यापारी से राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था को सुधारने में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को डाँवाडोल कर चुके हैं। यह भी बताया जाता है कि उनके व्यावसायिक सलाहकार टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी इस व्यापारिक नीति पर अरबों का नुकसान हुआ है जिसके चलते एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप में गहरे व्यावसायिक मतभेद उभर आए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन ने चुनाव के लगभग 100 दिन बाद अपनी आधिकारिक सभा में कहा की डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 100 दिनों से कम समय में ही आश्चर्यजनक रूप से भारी नुकसान तथा विनाश किया है पूर्व राष्ट्रपति ने दावा किया की ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के विरुद्ध द्वेषपूर्ण बर्ताव कर लगभग 7000 कर्मचारियों की छटनी करके अमेरिका को एक झटका दिया है उन्होंने कहा की कई अमेरिकी भोजन के लिए सामाजिक सुरक्षा पर भरोसा करते हैं और इसमें यह कटौती लाखों लोगों के लिए विनाशकारी होगी, उन्होंने आगे कहा की अमेरिकी प्रशासन ने पूरे विश्व में टैरिफ युद्ध लाकर आर्थिक अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका ने पहले चीन पर भारी 145% टैरिफ लगाया था जवाब में चीन ने 125% टैरिफ लगाने पर अमेरिका ने फिर जवाबी कार्रवाई कर 245% टैरिफ चीन पर ठोक दिया है ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार चीन ने बहुत सारे रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका भेजने पर प्रतिबंध लगा दिया था इन सब रेयर अर्थ पदार्थ पर अमेरिका की आत्मनिर्भरता खत्म हो गई थी जिसमें उल्लेखनीय है कि गैलियम,जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे कुछ तकनीक के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाकर अमेरिका को मजबूर कर दिया था अमेरिका के व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने दावा किया है कि इस तरह के निर्यात को प्रतिबंधित करने में चीन की मंशा दुनिया के ऑटो मार्क्स एयरोस्पेस निर्माता, सेमीकंडक्टर कंपनियों एवं अन्य सैन्य ठेकेदार को महत्वपूर्ण सामग्री पूर्ति करने से रोकने के लिए की गई है। पहले अमेरिका का चीन सामरिक दुश्मन नंबर एक था ताइवान के मामले में अमेरिका और चीन एक दूसरे के आमने-सामने डटकर खड़े हुए थे पर कुछ कूटनीतिक तकनीकी के कारण अमेरिका ताइवान चीन के दावे पर सीधा हस्तक्षेप नहीं कर रहा था किंतु अब वैश्विक आर्थिक महायुद्ध में चीन पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाकर यह युद्ध अब सीधे-सीधे अमेरिका तथा चीन के मध्य केंद्रित हो गया है। चीन ने अमेरिकी हस्तक्षेप के जवाब में नहले पर दहला मारकर पिछले हफ्ते ऑटो मार्क्स के लिए सेंट्रल कमांड के लिए 6 दुर्लभ धातुओं के साथ बड़ी चुंबकों के निर्यात पर भी रोक लगा दिया माना जाता है कि यह दुनिया भर के एयरोस्पेस निर्माता सेमीकंडक्टर कंपनियां एवं अन्य सैया सामग्रियों के इस्तेमाल करने वाली कंपनियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह संसाधित खनिज अमेरिका रक्षा उद्योग के लिए अत्यंत अहम है जिसमें जेट इंजन मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर तथा अल्ट्रा एडवांस रडार सिस्टम जैसे एपरेटस के निर्माण में इनका अनुप्रयोग किया जाता है और महत्वपूर्ण बात यह है इन सब की आपूर्ति रुक जाने से ट्रंप प्रशासन तिलमिलाकर चीन से कुपित हो गया है। ट्रम्प प्रशासन के प्रवक्ता के अनुसार लगभग 75 देश पहले से ही नए व्यापार समझौते पर गहन चर्चा हेतु चीन के अलावा सहमत हो चुके हैं इन पर लगे व्यापारिक अतिरिक्त शुल्क को फिलहाल 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है। ट्रम्प प्रशासन के अनुसार चीन बोइंग विमान के सौदे से साफ-साफ मुकर गया है और अमेरिका ने अपने वैधानिक अधिकारों और हितों तथा अंतरराष्ट्रीय न्याय की रक्षा हेतु जवाबी कदम उठाते हुए 245 प्रतिशत टैरिफ चीन पर लगा दिए हैं जिसे उन्होंने उचित और संवैधानिक बताया है। यह तो तय है कि 245% टैरिफ से भविष्य में चीन को भारी नुकसान होने वाला और इससे उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह डगमगा जाएगी। दूसरी तरफ चीन की प्रवक्ता एजेंसी रेडियो फ्री एशिया के अनुसार अमेरिका ने चीन को एनवीडीया के ह्व20 चिप्स का निर्यात रोक दिया है इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में चीन पर दबाव बनाने हेतु उठाया गया कदम बताया जाता है। अब इस चिप्स को लेने के लिए चीन को अमेरिका की सरकारी मंजूरी लेनी होगी और यह प्रतिबंध आगे आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। दूसरी तरफ निरंतर मजबूत सार्वजनिक खर्च और आसान मौद्रिक नीति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.5% की दर से बढ़ोतरी हो सकती है जो की 2024 की सिक्स पॉइंट नाइन प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा कम है किंतु भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में रहेगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट में कहा गया कि बढ़ते व्यावसायिक तनाव और निरंतर और निश्चिंत्यता के कारण पूरा विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था नीचे गिर सकती है और टैरिफ युद्ध से पूरा वैश्विक बाजार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। टैरिफ युद्ध के चलते एवं वैश्विक आर्थिक अवस्था के कारण भारत में सोना एक नए रिकॉर्ड की ऊंचाई पर पहुंच गया है अमेरिका चीन व्यावसायिक युद्ध के कारण सोने में रिकॉर्ड तेजी हुई है। यह तो तय है कि भारत तेजी से उभरती हुई आर्थिक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है किंतु चीन अमेरिका टैरिफ युद्ध पूरे विश्व के लिए आर्थिक मंदी लाने वाला होगा जिसके परिणाम सबसे ज्यादा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा।



# साउथ के बारे में चाहत खन्ना का चौंकाने वाला खुलासा



एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने हाल ही में साउथ इंडस्ट्री के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री का काला चिट्ठा खोलते हुए कहा है कि वहां कॉन्ट्रैक्ट में साफ-साफ लिखा होता है कि एक्टर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर के साथ कॉम्प्रोमाइज करना होगा।

चाहत खन्ना ने इस बात का खुलासा हाउटरफलाई के साथ बातचीत के दौरान किया। एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर खुलासा करते हुए बताया कि वहां काम करने से पहले ही कॉम्प्रोमाइज के बारे में पूछ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सारी चीजें वहां सरेआम होती हैं। कान्ट्रैक्ट साइन करने से पहले ऐसी बातें आपस में हो ही जाती है। कान्ट्रैक्ट में साफ लिखा होता है आपको कॉम्प्रोमाइज करना होगा।

चाहत खन्ना ने बॉलीवुड में कास्टिंग काउच के बारे बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि बॉलीवुड में भी ऐसा होता है, लेकिन यहां के तरीके कुछ अलग है। यहां अलग तरीके से एक्ट्रेस से पूछा जाता है। जब भी कोई नया एक्टर आता है तो उन्हें इन सभी चीजों का सामना करना पड़ता है। हालांकि चाहत खन्ना कहती है कि उनके साथ कभी ऐसा कुछ नहीं हुआ। चाहत खन्ना अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें बचपन में मोलेस्ट किया जा चुका है। एक्ट्रेस ने कहा था- जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक अंकल अपनी गोद में बिठाकर चॉकलेट देते हैं। तब इतनी समझ नहीं थी, दो साल साल के बाद मुझे रियलाइज हुआ मेरे साथ क्या हुआ था। चाहत खन्ना अब कम ही छोटे पर्दे पर नजर आती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि कोई उनके साथ काम नहीं करना चाहता है। उन्होंने इंडस्ट्री में तलाक को लेकर बन चुकी सोच को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग उनके साथ काम नहीं करना चाहते हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस का दो बार तलाक हो चुका है। उनकी पहली शादी ज्यादा लंबी नहीं चली थी। महज 4 महीने के अंदर ही उन्होंने तलाक ले लिया था। फिर उन्होंने अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की और दोबारा शादी की, लेकिन वह शादी भी लंबे समय तक नहीं चली और तलाक हो गया। चाहत कहती हैं कि तलाक और सेपरेशन कभी भी आसान नहीं होते, खासकर तब जब बच्चे हों। उन्होंने आगे कहा- मेरा दूसरा तलाक बहुत मुश्किल था। मेरी एक बेटी फरहान के साथ रहती है और एक मेरे साथ रहती है।

## धनुष की इन आगामी फिल्मों में दिखेगा जबरदस्त एक्शन और रोमांस

इटली कड़ाई और कुबेर में धनुष अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे, वहीं डी55 और डी56 उनके फैंस के लिए बड़े सरप्राइज हो सकता है। इसके अलावा, तेरे इश्क में एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें धनुष का नया अंदाज देखने को मिलेगा। फैंस इन फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### इटली कड़ाई

इटली कड़ाई एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जिसे धनुष खुद डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें नित्या मेनन भी नजर आएंगी। यह फिल्म 1 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। फिल्म में धनुष और अरुण विजय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इडली कढ़ाई का संगीत प्रसिद्ध जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है।

### कुबेर

कुबेर एक अलग अंदाज की फिल्म है, जो जून 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला ने किया है। फिल्म में धनुष के अलावा रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण पुष्कर राम मोहन राव, नारायण दास कर रहे हैं।

### तेरे इश्क में

तेरे इश्क में एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसकी झलक फैंस को पहले ही पसंद आ चुकी है। इस फिल्म में धनुष के साथ पहली बार कृति सेनन की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की झलक देखने के बाद फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### डी55

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ध55 एक ड्रामा तमिल फिल्म है, जिसका निर्देशन राजकुमार पेरियासामी कर रहे हैं। फिल्म की स्टार कास्ट में धनुष मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। डी55 फिल्म 31 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



## रिद्धिमा कपूर के साथ पर्दे पर नजर आएंगे कपिल शर्मा



कपिल शर्मा इन दिनों अपने ट्रांसफॉर्मेशन की वजह से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब उनके वजट घटाने के पीछे की कहानी भी पता चल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक कपिल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अपना वजन घटाया है। खास बात यह है कि इस फिल्म रिद्धिमा कपूर साहनी भी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन करेंगे। फिलहाल फिल्म का नाम अभी तय नहीं हो सका है। आने वाले समय में इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की उम्मीद की जा रही है।

## फिर हेरा फेरी से लेकर हाउसफुल 2 तक, इन फिल्म दूसरे भाग में छाए अक्षय कुमार



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार की फिल्में हर बार उनके फैंस के दिलों पर छा जाती हैं। वह ऐसी कई सीक्वल फिल्मों में नजर आ चुके हैं, जिन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म केसरी का दूसरा चैप्टर जल्द ही दर्शकों के लिए रिलीज होने जा रहा है।

### हाउसफुल 2

जब बात कॉमेडी की आती है तो हाउसफुल 2 का जिक्र जरूरी है। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने जबरदस्त अभिनय किया था, जो गलतफहमियों और मजेदार सिचुएशन्स में फंसता चला जाता है। अक्षय के साथ रितेश देशमुख, जॉन अब्राहम भी फिल्म में नजर आए थे।

### फिर हेरा फेरी

फिर हेरा फेरी तो हर कॉमेडी प्रेमी की फेवरेट लिस्ट में शुमार है। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने राजू का किरदार निभाया था जो अपने दोस्तों श्याम (सुनील शेट्टी) और बाबूराव (परेश रावल) के साथ पैसा कमाने के चक्कर में उलझ जाता है। इन तीनों की तिकड़ी ने ऐसा धमाल मचाया कि फिल्म के डायलॉग्स आज भी लोगों की जुबान पर हैं।

### ओएमजी 2

ओएमजी 2 में अक्षय कुमार ने एक अलग ही अंदाज में दर्शकों का दिल जीता था। इस फिल्म में उन्होंने भगवान शिव के दूत का किरदार निभाया था, जो एक आम आदमी की जिंदगी में बदलाव लाता है। फिल्म ने शिक्षा और धर्म जैसे गंभीर मुद्दों पर बात की गई है, लेकिन इसे इतने सहज और मनोरंजक तरीके से पेश किया गया कि हर कोई इससे जुड़ गया।

### जॉली एलएलबी 2

जॉली एलएलबी 2 में अक्षय ने वकील जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली का किरदार निभाया था। फिल्म में उसकी जिंदगी में आने वाला एक केस उसे कानूनी व्यवस्था की खामियों से रूबरू कराता है। अक्षय ने इस किरदार को इतने हल्के-फुल्के अंदाज में निभाया कि दर्शक हंसते-हंसते गंभीर मुद्दों को भी समझ गए।



## क्या बिपाशा बसु फिल्म 'रेस 4 का हिस्सा बनेंगी?

बिपाशा बसु फिल्म 'रेस (2008)' में सैफ अली खान के अपोजिट नजर आईं। हाल ही में 'रेस 4' को लेकर काफी चर्चा रही। इसी बीच बिपाशा ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की। इस पोस्ट के जरिए आखिर बिपाशा क्या बताना चाहती हैं? क्या वह भी फिल्म 'रेस 4' का हिस्सा हैं? बिपाशा बसु ने हाल ही में इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में फिल्म 'रेस' का गाना 'रेस सांसों कीज' को साझा किया। इस गाने में वह डांस कर रही हैं, साथ ही कैटरीना कैफ भी इसमें नजर आ रही हैं। इस गाने को बिपाशा एक बार फिर से क्यों याद कर रही हैं? इसको लेकर बिपाशा ने कोई भी कैप्शन या मैसेज नहीं लिखा है। ऐसा लगता है कि वह फिल्म 'रेस 4' के मेकर्स को हिंट देना चाहती हैं। क्या एक्ट्रेस दोबारा से इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती हैं?

### सोनिया का किरदार निभाया था

फिल्म 'रेस (2008)' में बिपाशा बसु ने सोनिया का किरदार निभाया था। फिल्म में सैफ अली खान, अक्षय खन्ना, कैटरीना कैफ, अनिल कपूर नजर आए थे। हाल ही में खबर थी 'रेस 4' में एक नई एंट्री होने वाली है। मेकर्स ने भी कंफर्म किया कि फिल्म में सैफ अली खान के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा भी नजर आएंगे। बाकी किसी दूसरे एक्टर के नाम पर फिल्म मेकर्स ने मुहर नहीं लगाई है।

### बिपाशा लंबे वक्त से ब्रेक पर हैं

बिपाशा बसु की बात की जाए तो वह करण ग्रोवर के साथ शादी करने के बाद से ही फिल्मों में कम नजर आने लगी हैं। बेटी देवी के जन्म के बाद तो वह फिल्मों में दिखीं ही नहीं। हो सकता है कि फिल्म 'रेस' का गाना शेयर कर, बिपाशा फिर से फिल्मों में वापसी की चाहत रख रही हों।

### ग्लैमरस किरदारों के लिए जानी गई बिपाशा

बिपाशा बसु ने अपने करियर में 'अजनबी', 'राज', 'जिस्म' अलोन, नो एंट्री, फुटपाथ, अपहरण, बचना ए हसीनों जैसे कई अलग-अलग जॉनर की फिल्मा में अभिनय किया है। अधिकतर फिल्मों में उनका ग्लैमरस अंदाज ही नजर आया, जिसे दर्शकों ने पसंद भी किया।



## हमारे परिवार के साथ और भी बुरा हो सकता था, पर अब हम अलर्ट हैं

रंग दे बसंती, आहिस्ता आहिस्ता, खोया खोया चांद और साहब बीवी और गैंगस्टर जैसी फिल्मों और कौन बनेगी शिखरवती और हश हश जैसी वेब सीरीज में नजर आने वाली सोहा अली खान को अपने फिल्मी खानदान से परे अपनी पहचान बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी, मगर आखिरकार उन्होंने अपनी जमीन पुख्ता की। इन दिनों वह चर्चा में हैं हॉरर फिल्म छोरी 2 को लेकर, जिसमें वह हॉरर रोल में हैं। इस मुलकात में उन्होंने अपनी फिल्म, भाई सैफ अली खान पर हुए अटैक, मदरहुड, सोशल मीडिया और हॉरर जॉनर जैसे कई मुद्दों पर बेबाक राय रखी।

**सोहा पिछले दिनों आपके परिवार के साथ जो हादसा हुआ, उसने आप लोग को और ज्यादा अलर्ट हुए? क्या प्रभाव पड़ा?**

सोहा अली खान बोलीं-अलर्ट तो हम हैं ही। मेरा मानना है कि कभी -कभी दुर्भाग्य से ऐसी चीजें हो जाती हैं। बस यही कामना करती हूं कि और ज्यादा बुरा नहीं हुआ। इससे बुरा भी हो सकता था। जो कुछ हुआ एक हद तक हुआ, तो इसके लिए हम खुशकिस्मत महसूस करते हैं। सब ठीक है। शुक्रगुजार हैं कि वो काम पर लौट आए हैं।

**आप सात साल की बेटी इनाया की मां हैं। आप मदरहुड और काम के बीच संतुलन कैसे बनाए रखती हैं?**

आप देख ही रही हैं कि इस जूम इंटरव्यू में मुझे अपने डॉग को भी संभालना पड़ रहा है। आपने जूम इंटरव्यू के दौरान देखा कि कैसे बेल बजने पर वो भौंक रहा है। घर पर कोई नहीं है। देखिए हम सभी महिलाएं बहुत कुछ करती हैं, मगर साथ ही ये स्वीकार करना होगा कि हम सब महिलाएं एक समय में सबको सब कुछ नहीं दे सकतीं। कई बार हम उतनी परफेक्ट नहीं हो पातीं। मुझे याद है, एक सीन की शूटिंग के दौरान मेरी बेटी इनाया को काफी तेज बुखार हो गया था। मैं सफेद लेंसेज पहन रही थी और डॉक्टर के मेसेजेस आ रहे थे, मगर उन्हें पढ़ नहीं पा रही थी, क्योंकि सफेद लेंस पहनने के बाद आपको दिखता नहीं है। मैं उस वक्त डॉक्टर से बात करने की कोशिश कर रही थी। वो मेरे लिए बहुत ही तनावपूर्ण था।

**क्या ये सच है कि अपनी फिल्म के भयानक हॉरर गेटअप के कारण आप अपनी बेटी इनाया से दूर रहीं और आपके पति कुणाल खेमू (अभिनेता - निर्देशक) भी आपसे दूर-दूर रहे?**

मैंने अपने ऐसे बहुत सारे विडियोज लिए हैं, जिसमें साफ दिख रहा है कि कुणाल खेमू मेरा कॉल नहीं ले रहे हैं (हंसती हैं) मेरा जब मेकअप उतर जाता, उसी के बाद कुणाल मुझसे बात करते थे। इनाया का जब सोने का समय होता था, तो मैं फिल्म छोरी 2 की शूटिंग से उसे हमेशा विडियो कॉल करती हूं। यह मेरा रूटीन है। मगर इस फिल्म की शूटिंग के दौरान मैं उसे विडियो कॉल नहीं कर पाती थी, फेस टाइम नहीं कर पाती थी। वो मासूम मुझसे पूछती मम्मा, आप अपना फेस क्यों नहीं दिखा रही हो, तब मुझे उसे बताना पड़ा कि इस फिल्म में मेरा मेकअप अलग है और मैं एक इविल किरदार निभा रही हूं। वो किताबें पढ़ती हैं और उन्हें गुड और इविल के बारे में जानकारी है, मगर वो बहुत ही जिज्ञासु हो गई, तब एक दिन मुझे उसे अपना गेटअप दिखाना पड़ा। अब तो मेरी इस फिल्म की एक होर्डिंग इनाया के बैडरूम की खिड़की के बाहर ही लगा हुआ है।

**आज सोशल मीडिया हमारे लिए जरूरी भी है, मगर साथ ही ये कई बार हमारे साथ -साथ हमारे बच्चों के लिए नुकसानदायक भी होता जा रहा है, आप अपने सोशल मीडिया को कैसे हैंडल करती हैं?**

मैं अपने सोशल मीडिया को बहुत ही आसानी से हैंडल कर लेती हूं, क्योंकि मैं इसमें बहुत ज्यादा गहराई में नहीं जाती। बहुत सारे लोग इंस्टाग्राम पर 24 घंटे रहते हैं, मेरी पास वो समय नहीं होता। मैं एक व्यक्ति के रूप में भी काफी अनुशासित हूं, तो मैं इस माध्यम एक इस्तेमाल कभी अपने काम को प्रमोट, अपना एंडोर्समेंट साझा या फिर अपनी निजी बात को शेयर करने के लिए करती हूं। मैं ये भी समझती हूं कि इंस्टाग्राम पर सब कुछ रियल नहीं होता। लोग अच्छी-अच्छी चीजें ही पोस्ट करते हैं, बुरी चीजें शेयर नहीं करते, मगर मैं लोगों को जज नहीं करती। हां, लोग मुझे जज करते हैं। कई बार बुरे-बुरे कमेंट्स करते हैं, अजीब किस्म की बातें लिखते हैं, मगर मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता।

**क्या आप मानती हैं कि बीते सालों में फिल्मों में जो हॉरर का जो स्पेस है, वो री डिफाइन हुआ है? पहले हॉरर छुपकर देखना पड़ता था, अब परिवार के साथ देख सकते हैं?**

मैंने आज तक इतना हॉरर कन्ज्यूम नहीं किया है। मैं हॉरर काम देखती हूं, क्योंकि मुझे लगता था कि हॉरर शायद परिवार के साथ नहीं देखा जा सकता। मैं हॉरर को हॉरिक्स (हॉरर और सेक्स का मिश्रण) जॉनर में सोचा करती थी। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं किसी हॉरर फिल्म का हिस्सा बनूंगी और डरावनी फिल्म में भूतिया रोल प्ले करूंगी। हमारी फिल्म को बनाने वाली पूरी टीम का इंटेंशन यही था कि हम इसे इंटरनेशनल स्तर पर ले जाएं।



# जानलेवा है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस जानलेवा बीमारी है। जिसमें हेपटाइटिस बी लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला मर्ज है। हर साल 28 जुलाई को वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है। वर्ल्ड हेपटाइटिस डे, इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। हेपेटाइटिस के कारण लिवर में सूजन आ जाती है। हेपटाइटिस संक्रामक बीमारियों का एक समूह है जिसे हेपटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई के रूप में जाना जाता है। इसलिए इस बीमारी से बचने के लिए सावधानी की बहुत आवश्यकता होती है।

भारत में फैलने का प्रमुख कारण

भारत में हेपटाइटिस फैलने का प्रमुख कारण मां से बच्चे में वायरस का संचारित होना है। इसके अलावा असुरक्षित रक्त संक्रमण, असुरक्षित यौन संबंध, असुरक्षित सुइयों का इस्तेमाल भी बीमारी के फैलने का कारण है। हेपेटाइटिस बी का वायरस खून, सीमन और शरीर के अन्य तरल पदार्थ के जरिए संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में पहुंचता है।

## हेपेटाइटिस के लक्षण

त्वचा या आंखों के सफेद हिस्से का पीला पड़ जाना
भूख न लगना
उल्टी आना
बुखार और थकान जो कई सप्ताह या महीनों तक बना रहे



## ऐसे करें हेपेटाइटिस से बचाव

बीमारी के लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं क्योंकि इस बीमारी में लापरवाही घातक साबित हो सकती है।

हेपटाइटिस, मॉनसून के दौरान अधिक फैलता है, इसलिए इस मौसम में तैलीय, मसालेदार, मांसाहारी और भारी खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।

पॉलिश किए हुए सफेद चावल, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, केक, पेस्ट्री, चॉकलेट्स, ऐल्कॉहॉल से दूरी बनानी चाहिए

शाकाहारी आहार, ब्राउन राइस, हरी पत्तेदार सब्जियां, विटमिन सी युक्त खट्टे फल, पपीता, नारियल पानी, सूखे खजूर, किशमिश, बादाम और इलायची का भरपूर सेवन करें।



# हार्ट और हड्डियों के लिए भी खतरनाक है बर्गर

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में जंक फूड कब हमारे रूटीन में शामिल हो जाते हैं, पता भी नहीं चलता है। आजकल बर्गर हर किसी के फेवरिट फूड्स में से शामिल है। काम के बीच में अगर आपको भूख लगती है तो आपकी मदद के लिए बर्गर तुरंत आ जाता है। ज्यादातर लोग बर्गर खाने के खतरों से अनजान हैं। बर्गर आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है भले ही आप इसे कभी-कभी ही क्यों ना खाते हों। दरअसल बर्गर में कई ऐसे तत्व होते हैं जो रोगों से लड़ने की क्षमता को कमजोर करते हैं। फास्ट फूड में आम तौर पर अत्यधिक संतृप्त और ट्रांस फैटी ऐसिड होते हैं जो रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

## हाई बीपी और हृदय रोग का खतरा

पर्याप्त फल खाने से ऐसी बीमारियों से बचा जा सकता है। यह ऐसा भोजन, जो संतृप्त वसा से भरा हुआ है, आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस वसायुक्त भोजन को लगातार करने से धमनियां काफी बिगड़ जाती हैं। इससे ब्लड फ्लो में बाधा उत्पन्न होती है। ब्लड फ्लो के इस प्रतिबंध से भविष्य में हृदय रोगों की संभावना बढ़ जाती है। बर्गर जैसे फास्ट फूड से बच्चों में अस्थमा, एग्जिमा, खुजली और आंखों से पानी आना जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। खाने में पोषक तत्वों की कमी ऐलर्जी संबंधी बीमारियों को पनपने का मौका देती है।

## बीमारियों का भंडार है बर्गर

बर्गर कैलरी, वसा और अतिरिक्त सोडियम से भरे होते हैं। ये सभी आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। एक बर्गर में 500 कैलरी, 25 ग्राम वसा, 40 ग्राम कार्ब्स, 10 ग्राम चीनी और 1,000 मिलीग्राम सोडियम होता है, जो आपको बीमार करने के लिए पर्याप्त है।

## डायबीटीज

बर्गर की पहली बाइट खाने के 15 मिनट बाद आपके शरीर में ग्लूकोज की भारी वृद्धि हो जाती है। यह इंसुलिन रिलीज करने को बढ़ावा देता है, जिससे आपको कुछ घंटों में फिर से भूख लगती है। इस पैटर्न को दोहराने से मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। एक बार में अत्यधिक कैलरी लेने से शरीर की कोशिकाओं पर ऑक्सिडेटिव तनाव पड़ता है।

## विटमिन डी की कमी

बर्गर के चलते फैट की अधिकता और विटामिन-डी और कैल्शियम की कमी हड्डियों को कमजोर कर देती है। हड्डियां टेढ़ी होने लगती हैं। बर्गर में मौजूद फैट, नमक या शुगर के चलते पेट तो भर जाता है लेकिन शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन, विटमिन, कैल्शियम या मिनरल नहीं मिल पाते।



# हाई ब्लड शुगर के कारण बढ़ सकता है पैन्क्रियाटिक कैंसर का खतरा

हाल ही में हुए एक स्टडी के अनुसार हाई ब्लड शुगर के कारण पैन्क्रियाटिक कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। स्टडी के अनुसार, हाई ब्लड शुगर पैंक्रियाज में हेल्दी सेल्स के काम को रोक देता है और सेल काउंट बहुत तेजी से बढ़ने लगता है। यह स्टडी कोरिया में हुई है और इसका निष्कर्ष 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म' में प्रकाशित हुआ है। स्टडी में बताया गया है कि पैन्क्रियाटिक कैंसर से ग्रसित और पांच साल तक जिंदा रहने वाले लोगों की संख्या सिर्फ 9 प्रतिशत है। इसका मुख्य कारण पैन्क्रियाटिक कैंसर का इलाज बहुत मुश्किल है और अक्सर लास्ट के स्टेज तक इसके बारे में पता नहीं चल पाता है। जब तक इसके बारे में जानकारी होती है, यह कैंसर पैंक्रियाज से शरीर के बाकी हिस्सों में फैल जाता है। स्टडी से जुड़े लेखक चेओल-यंग पार्क ने बताया, 'पैन्क्रियाटिक कैंसर के मेजर रिस्क फैक्टर्स में से एक है हाई ब्लड शुगर। उन्होंने कहा, 'जब हमने नैशनल कोहोर्ट डेटाबेस का उपयोग करते हुए फास्टिंग ग्लूकोज के स्तर के अनुसार पैन्क्रियाटिक कैंसर की घटनाओं का मूल्यांकन किया, तो हमने पाया कि पैन्क्रियाटिक कैंसर के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है क्योंकि ग्लूकोज का स्तर बढ़ गया था। यह दोनों तरह के लोगों में था, जिन्हें डायबीटीज की समस्या थी और जिन्हें डायबीटीज नहीं था। इस स्टडी में शोधकर्ताओं ने 25 मिलियन से अधिक मरीजों के नैशनल कोहार्ट डेटाबेस का उपयोग करके बल्ड शुगर लेवल के अनुसार कोरिया में पैन्क्रियाटिक कैंसर की घटनाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने पाया कि जैसे-जैसे बल्ड शुगर लेवल बढ़ता है, पैन्क्रियाटिक कैंसर का रेट डायबेटिक से साथ-साथ वैसे लोगों में भी बढ़ा था, जिनका डायबीटीज ठीक हो चुका था और जिनका बल्ड शुगर लेवल सामान्य था। पार्क ने कहा, 'हमारे शोध के अनुसार, हेल्थ चेकअप से हाइपोग्लाइसीमिया के बारे में जल्द पता चलना और ग्लूकोज प्रोफाइल में सुधार के लिए जीवन शैली सुधार करके पैन्क्रियाटिक कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है।'




# कब्ज, ऐसिडिटी दूर करती है सौंफ

**आज के समय में ज्यादातर लोगों में ब्लड प्रेशर की समस्य होना आम बात हो गई है। आजकल के खानपान के चलते ये बीमारी किसी भी आयु के व्यक्ति हो सकती है। ब्लड प्रेशर का बढना और कम होना घातक होता है। ब्लड प्रेशर से सीधा हार्ट अटैक की समस्या हो जाती है। अगर आप भी इन बिमारी से बचना चाहते है तो आप सिर्फ सौंप का सेवन करें।**

आज हम आपको सौंप के होने वाले कई फायदे बताने जा रहे हैं जिनके बारे में आपको शायद ही पता होगा। सौंफ खाने से स्वास्थ्य संबंधी अन्य कई समस्याएं भी दूर हो जाती हैं, आइए जानते है।

## कंट्रोल में रहता है बीपी

सौंफ के पानी में पोटैशियम की मात्रा भी भरपूर होती है, जिसे पीने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

## वजन घटाती है सौंफ

सौंफ में आपके दैनिक जरूरत का 17 फीसदी विटमिन सी, 7 फीसदी कैल्शियम, 6 फीसदी आयरन, 6 फीसदी मैग्नीशियम, 3 फीसदी पोटैशियम और 19 फीसदी मैग्नीज होता है। इसमें कैलरी की मात्रा बहुत कम होती है। इसके अलावा सौंफ में ऐसे ऐंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो शरीर के मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इससे आपके शरीर में जमा हुई अतिरिक्त चर्बी तेजी से घटती है।

सौंफ पेट की सभी समस्याओं में फायदेमंद होती है। सौंफ का पानी पीने से और सौंफ खाने से कब्ज, ऐसिडिटी और अपच की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। सौंफ पाचन की क्रिया को तेज करती है।

## शरीर में खून भी बढ़ेगा

सौंफ में आयरन की मात्रा अच्छी खासी होती है। यही कारण है कि सौंफ के पानी का नियमित सेवन करने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अनीमिया (खून की कमी) के रोगियों के लिए सौंफ खाना और इसका पानी पीना फायदेमंद हो सकता है।

## खून भी होता है साफ

सौंफ में शरीर को डीटॉक्स करने का गुण प्राकृतिक रूप से होता है। यही कारण है कि सौंफ का पानी पीने और सूखी सौंफ खाने से खून में मौजूद गंदगी बाहर निकल जाती है। इससे खून साफ होता है और त्वचा पर निखार आता है।



## घर-घर जाकर दी गई आरयूआईडीपी परियोजना की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तहत कुचामन सिटी में सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई द्वारा आमजन को परियोजना की जानकारी देने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के निर्देशन व अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल सैनी की अगुवाई में गुलजारपुरा रोड से रामूजी की ऑकली तक दुकानदारों व स्थानीय निवासियों को पम्पलेट्स वितरित कर सीवरेज व जल प्रदाय योजना के लाभ बताए गए। इस दौरान सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेंद्र सिंह ने बताया कि शहर में सीवरेज लाइन और पेयजल लाइन का कार्य प्रगति पर है, जिससे कुछ समय के लिए असुविधा हो सकती है, लेकिन इससे भविष्य में शहर स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनेगा। उन्होंने बताया कि सीवरेज प्रणाली से शौचालय, स्नानघर व रसोई का पानी निकासी होगा और नालियों की गंदगी व दुर्गंध से मुक्ति मिलेगी। कैप की सविता शर्मा ने नई जलप्रदाय योजना के लाभों की जानकारी दी और पानी की बचत का महत्व बताया। एल एंड टी के किशन सिंह ने कार्यस्थल के पास बच्चों को न जाने देने और सावधानी बरतने की अपील की। साथ ही टोल फ्री नंबर 18001219400 पर सुझाव व शिकायत दर्ज कराने की सुविधा की भी जानकारी दी गई।

## परिवादियों की इष्टतम संतुष्टि हेतु करें प्रयास- एडीएम

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में अटल सेवा केन्द्र में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करायें जिससे परिवादियों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि संगम पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। सभी परिवादों का निस्तारण हेतु फॉलोअप किया जाये। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें, जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान सीवरेज एवं नालों की सफाई, अतिक्रमण हटवाने, सीवरेज लाईन कनेक्शन, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में परिवादी देशराज सिंह ने ग्राम सौनी में विद्युत लाईन डलवाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने जेवीवीएनएल को त्वरित ढंग से कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी अंबिका प्रसाद बंसल ने बाड़ा हैदरशाह के लिए हलवाई खाने से मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटवाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने नगर परिषद को समुचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। परिवादी गोविन्द सक्सैना एवं अन्य ने वार्ड नम्बर 55 में पेयजल लाईन डलवाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पीएचईडी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 30 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान,
### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक -G.P. DHANI SWAMIY AN/2025-26/E-TENDER/15-21 दिनांक - 15/4/25

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 03 / 2025-26

ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान् में वर्ष 2025-26 के लिये महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं अन्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की योजनाओं के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है । निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते www.eproc.rajasthan.gov.in पर व www.sppp. rajasthan.gov.in पर NIB No.- ZCR2526A0063, UBNNo. ZCR 2526 GSOB 00177 देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान
पंचायत समिति बीदासर चूरू

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान
पंचायत समिति बीदासर चूरू

## अचानक छप्पर में आग लगने मवेशी झुलसे

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा कस्बे में ब्रजराजपुरा बेनाडो की ढाणी में गुरुवार को अचानक छप्पर में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही चाकसू से फायरबिग्रेड वाहन मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, ए एफ ओ दीपक कुमार ने बताया कि छाजुराम मीणा पुत्र लक्ष्मीनारायण के छप्पर में आग लगने दो मवेशी झुलस गए, दो ट्रोली पशु चारा जल गया, छप्पर जलकर राख हो गए, फायर ब्रिगेड वाहन चालक हरपाल लोधा, फायरमैन राहुल राजावत, बाबूलाल जांगिड़ की सूझबूझ से आग पर काबू पाया, जिससे पास ही रखा अन्य सामान आग की चपेट में नहीं आने से बच गए।

## विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों का किया सम्मान

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा कस्बे में गुरुवार को विप्र फाउंडेशन (सर्वब्राह्मण) समाज के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। वहीं जानकारी में बताया कि कोटखावदा तहसील में इस माह के अंत में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जिला अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन रमेश शर्मा के सहयोग हाल ही में नवनिर्वाचित विप्र समाज कोटखावदा तहसील अध्यक्ष गौरव शर्मा को एवं जिला सचिव पद पर राजेंद्र शर्मा को माला दुप्पटा पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरव शर्मा ने बताया समाज के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों व मानव कल्याण के अन्य संघटनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा हुईं । सभी विप्र बन्धु अपने अपने मत रख कर सर्व ब्राह्मण समाज के कल्याण विकास उन्नति के लिए विशेष कार्यों का आयोजन पर चर्चा हुई, इस दौरान डॉक्टर सुभाष , जिला उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा, मुकेश शर्मा, सरपंच बनवारी शर्मा, शेखर शर्मा, ब्रजेश भारद्वाज, दिनेश शर्मा, सुभम पारीक, दिनेश वैष्णव, विकाश शर्मा, रवि शर्मा, छोटू , विकाश शर्मा, मनीष पारीक, अनुराग शर्मा सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहें।

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU

E-mail: sephedchuru@gmail.com Becircle.chu.phed@rajasthan.gov.in
S.No. TA/Churu/2025-26/ 245-293 Dated: 07.04-25-

### E-NOTICE INVITING BID (01-10/2025-26)

Bids for 10 nos. works of total Rs. 1500.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 22.04.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in.,https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

| NIT NO | NAME OF WORK |
|---|---|
| 01/2025-26 | Annual Rate contract for Construction and Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and GI pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED City Sub Division Churu District-Churu UBN- PHE2526WSRC00351 |
| 02/2025-26 | Annual Rate contract for Construction and Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and GI pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED Distt Sub Division Churu District-Churu UBN PHE2526WSRC00352 |
| 03/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and GI pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED Rural Sub Division Sadulpur District-Churu UBN-PHE2526WSRC00354 |
| 04/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and GI pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED Revenue Sub Division Sardarsahar District-Churu UBN-PHE2526WSRC00355 |
| 05/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and GI pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED City Sub Division Ratangarh District-Churu UBN- PHE2526WSRC00356 |
| 06/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and GI pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED Rural Sub Division Ratangarh District-Churu UBN- PHE2526WSRC00357 |
| 07/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and Gl pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED City Sub Division Sujangarh District-Churu UBN- PHE2526WSRC00358 |
| 08/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and GI pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED Rural Sub Division Sujangarh District-Churu UBN- PHE2526WSRC00359 |
| 09/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and Gl pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED Sub Division Tehandesar District-Churu UBN-PHE2526WSRC00360 |
| 10/2025-26 | Annual Rate contract for Construction & Commissioning of 200 mm dia. Tube Wells with Submersible pump sets, Cable and Gl pipe etc. Complete Work in all types of strata under PHED Sub Division Bidasar District-Churu UBN-PHE2526WSRC00361 |

DIPR/C/4983/2025

**Superintending Engineer,
PHED, Circle Churu.**

## भीषण गर्मी के दौरान आमजन बरतें एहतियात

**धौलपुर(निसं.)** जिले में अत्यधिक गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी होने से आमजन तापघात की चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाईरिस्क वाले लोगों को ख्याल रखने की जरूरत है। वहीं गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सावधानी बरतने के लिए विभाग ने निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने सभी अस्पतालों में रोगियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिपसेट सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का प्रयाप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गर्मी की भीषणता को देखते हुए सभी चिकित्सा अधिकारियों के समस्त अवकाशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए मुख्यालय पर ही मौजूद रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि कोई भी चिकित्सा कर्मी सक्षम स्तर से बिना अनुमति के अवकाश पर पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गर्मी के दौरान शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, मिचलाना, जी सिर चकराना व शरीर का तापमान बढना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जाना चाहिए। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पन्ना दें। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए। जिले के सभी चिकित्सा संस्थाओं पर गर्मी के दौरान माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने बताया कि गर्मी से बचाव हेतु जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से चार बजे तक विशेष ध्यान रखें। यदि निकलना बहुत जरूरी हो तो धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्में एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पिएं एवं पेय पदार्थो जैसे निंबू पानी, नारियल पानी, ज्यूस आदि का प्रयोग करें। अधिक गर्मी से प्राय हाईरिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। यथासंभव इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या मरीज को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

क्रमांक- 26-34 दिनांक- 08.04.2025

### ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PWD2526A0102

| W.No | UBN No. | W.No | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB00273 | 2 | PWD2526WSOB00274 |
| 3 | PWD2526WSOB00275 | 4 | PWD2526WSOB00276 |

DIPR/C/5233/2025

**अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)**

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को हो समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण- जिला कलक्टर

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर सुशासन उपलब्ध कराने के दृष्टि से गुरूवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान परिवादी प्रशान्त चतुर्वेदी ने पट्टे बनवाने, प्रकाश चंद सोमानी ने रोजगार दिलवाने, गोपाल लाल माली ने बिलो का भुगतान करवाने, कमलेश ने नामांतकरण खुलवाने, मेघराज ने गेंहू की फसल चोरी होने, गिरजा ने पति की मृत्यु होने पर मुआवजा राशि दिलवाने, रामभजन ने अवैध खनन रूकवाने, मुकेश गुप्ता ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने, अनिसा ने सीमाज्ञान करवाने, कालूराम ने आवास योजना का लाभ दिलवाने, रामनारायण ने आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाने, रामकेश ने रिपोर्ट दर्ज करवाने, राहुल ने तहसीलदार मलारना डूंगर द्वारा नामांतकरण दर्ज नहीं करने, दानिश सिद्धीकी ने झूठी रिपोर्ट करवाने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने सहित कुल 60 प्रकरण प्राप्त हुए।

## Executive Engineer Public Health Engineering Department City Division IV (S), Jaipur

S. No. 202-23 Date- 07/04/2025

### Notice Inviting Bid

Bids for Various Works are invited from interested bidders. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

| UBN No. | NIT's For the Year 2024-25 | Last Date & time for online submission of tender document. |
|---|---|---|
| PHE 2526 WSOB 00692 | NIT-08 | 16.04.2025 upto 6:00 PM |
| PHE 2526 WSOB 00693 | NIT-09 | 16.04.2025 upto 6:00 PM |
| PHE 2526 WSOB 00695 | NIT-10 | 16.04.2025 upto 6:00 PM |

DIPR/C/5202/2025

**Executive Engineer
PHED, City Div. IV (S)
Jaipur**

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

### NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS

क्रमांक 71-87 दिनांक 10.04.2025

Online tenders are hereby invited on behalf of the Hon'ble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in,http://sppp.rajasthan.gov.in, and http:// eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 21-04-2025 (18.00 hrs)

| NIT No. | UBN No |
|---|---|
| 01/2025-26 | PHE2526WSOB00953 |
| 02/2025-26 | PHE2526WSOB00954 |
| 03/2025-26 | PHE2526WSOB00955 |
| 04/2025-26 | PHE2526WSOB00956 |
| 05/2025-26 | PHE2526WSOB00957 |
| 06/2025-26 | PHE2526WSOB00958 |
| 07/2025-26 | PHE2526WSRC00959 |
| 08/2025-26 | PHE2526WSRC00960 |
| 09/2025-26 | PHE2526WSRC00961 |
| 10/2025-26 | PHE2526WSRC00962 |
| 11/2025-26 | PHE2526WSOB00963 |
| 12/2025-26 | PHE2526WSOB00964 |
| 13/2025-26 | PHE2526WSOB00965 |
| 14/2025-26 | PHE2526WSOB00966 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/5181/2025

**Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact: 98871-81073**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी
### पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक- 13-20 दिनांक- 15.04.2025

### खुली निविदा सूचना संख्या 02 ( वित्तीय वर्ष 2025-26)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कातर छोटी के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी.एस.टी.पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि रू मे | बोली प्रतिभूमि राशि (रू में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये) में | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की प्रारम्भ दिनांक एवं समय | प्रोसोसिंग शुल्क निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाइन निविदा खोलने कि तिथी व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम कातर बडी केवों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 411801 | 8237 | 500 | दिनांक 16.04.2025 से साय 6.00 बजे सें दिनांक 23.04.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 23.04.2025 समय 02.00 बजे | दिनांक 23 .04.2025 साय 4.00 बजे |
| 2 | ग्राम मालासर केवों में घर-घर (आवासीय एवं यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 202386 | 4048 | 500 | दिनांक 16.04.2025 से साय 6.00 बजे सें दिनांक 23.04.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 23.04.2025 समय 02.00 बजे | दिनांक 23 .04.2025 साय 4.00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे ।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान् कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in एव http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी. डी. / बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान् के नाम बनाना होगा।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान् का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान कार्यालय में जमा करावें ।

NIB code ZCR2526A0064 UBN is: ZCR2526WSOB00178 ZCR2526WSOB00179

**प्रशासक
ग्राम पंचायत कातर छोटी
पं. स. बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कातर छोटी
पं. स. बीदासर (चूरू)**

## बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट ने सरकारी स्कूल को वाटर कूलर किया भेंट



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** जिला प्रशासन से सम्मानित संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 9 नंबर में फिल्टर युक्त वाटर कूलर भेंट किया है। ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक महेंद्र कुमार माली की ओर से ट्रस्ट के समक्ष गर्मी के मौसम में बच्चों के लिए पीने के ठंडे पानी का अभाव बताते हुए वाटर कूलर ट्रस्ट की ओर से भेंट करने की मांग रखी थी। संस्था प्रधान ने बताया कि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश बागड़ी, बबीता बागड़ी, उज्जवल बागड़ी सहित ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने विद्यालय में आयोजित संक्षिप्त व गरिमामय समारोह में वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संतोष देवी प्रधानाध्यापिका, रश्मि अध्यापिका, अनीता अध्यापिका, महेंद्र कुमार माली अध्यापक, सरोज अध्यापिका, विनोद शारीरिक शिक्षा शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष रवीना, मनोज बेरवाल, विमला, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण देवी, सहायिका कविता, सहयोगिनी द्रोपदी देवी, छात्राध्यापिका निकिता, प्रियांशी, करिश्मा सहित विद्यालय का स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यालय में वाटर कूलर लगाए जाने पर संस्था की ओर से ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया।

## वाहिदपुरा में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 19 से

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** वाहिदपुरा स्थित श्री रघुनाथजी मंदिर में मंहत बजरंगदास त्यागी महाराज की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होगे। जिसके तहत में मंदिर में रामायण पाठ प्रारंभ किया गया। ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज के मुखारविंद से श्री रामायण पाठ प्रारंभ किया गया, मंदिर महंत बालमुकुंद दास त्यागी महाराज ने सर्वजन हिताय, लोक कल्याण के लिए संकल्प लेकर महाराज बजरंग दास महाराज की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय रामायण पाठ प्रारंभ संतों के सानिध्य में कराया। 19 अप्रैल को रात्रि जागरण व 20 को भंडारा कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से रखा गया है, जिसमें चित्रकूट अयोध्या व पुष्कर धाम जैसे तीर्थ स्थान से साधु संतों का आगमन होगा। रघुनाथ मंदिर वाहिदपुरा में मंदिर के कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह, महासचिव उपाध्यक्ष मनोहर लाल जांगिड़, शशिकांत जांगिड़, कोषाध्यक्ष कप्तान लक्ष्मण सिंह, सतपाल सिंह निर्वाण, राधेश्याम शर्मा, भंवर सिंह, रामस्वरूप शर्मा, रोहिताश सिंह,विमल टिंबरेवाल सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

## ग्राम धनावता को पालिका में शामिल नहीं करने को लेकर ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के निकट गोरिया धनावता को नगरपालिका में शामिल नही करने को लेकर ग्रामवासियो ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।जिसमे बताया कि नगरपालिका मुख्यालय से धनावता की दूरी लगभग 8 कि.मी. है, गांव की आबादी एक जगह नहीं है अलग अलग खेतों में बसावट है और यहां के लोगों की जीविका कृषि और पशुपालन से होती है। ओर पालिका में जुड़ने से दूरी भी लम्बी पड़ेगी,ओर ग्रामवासियो को पालिका में जुड़ने से ज्यादा नुकसान होगा। शहरी क्षेत्र में जोड़ने से ग्रामवासियों में नाराजगी है। सरपंच पवन वर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। इस दौरान बजरंग लाल सैनी, दिनेश ओलखा, शिवनाथ सैनी, श्रवण गुर्जर, भानाराम गुर्जर,सजन सिंह,सुनील राजोरिया,बनवारी गुर्जर,मनोहर गुर्जर,मगन गुर्जर, बुधवारी सैनी, मामराज गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## पूगलिया के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों की जिंदगी में आएगी रोशनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर निवासी सुन्दरदेवी पूगलिया धर्मपत्नी सूरजमल पुगलिया 83 वर्ष की आयु में निधन होंने पर उनके पुत्र रणजीत कुमार पुगलिया व अशोक पुगलिया पौत्र धीरज पुगलिया तथा पुत्री सुमन डागा ने गम भुलाते हुए सुन्दर देवी के नेत्रों का दान करने का निर्णय लिया। उन्होंने तेरापन्थ युवक परिषद के माध्यम से सरदारशहर नेत्र संग्रह केन्द्र से सम्पर्क करने पर केन्द्र के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने श्रीडूंगरगढ़ जाकर नेत्र संग्रह किया। उक्त जानकारी देते हुए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर मुख्यालय नेत्र संग्रह केन्द्र समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि यह केन्द्र खुलने के बाद यह सातवां नेत्रदान हुआ है। पुगलिया के परिजनों का गाविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, आयुर्वेद विश्व भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ए व तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।

## आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सात साल की बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। सदर पुलिस के अनुसार आरोपी मालाराम को न्यायालय में पेश किया गया और एक दिन का पुलिस रिमांड पुलिस ने मांगा, जिस पर न्यायालय ने इसकी अनुमति देते हुए आरोपी को रिमांड पर भेज दिया।

# अस्थाई अतिक्रमण पर बेबस नगरपालिका

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ़ शहर में अस्थाई अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन चुका है। शहर के मुख्य मार्गो, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर ठेले,अस्थाई दुकानें और निजी गाड़ियां आम दृश्य बन चुके हैं। इन अतिक्रमणों से ना केवल यातायात बाधित होता है बल्कि नागरिकों की दिनचर्या भी प्रभावित होती है। लक्ष्मणगढ़ की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में जाने जाने घंटाघर को अस्थाई अतिक्रमणकारियो ने चारो तरफ से घेर लिया है तो वही शहर का पुराना बस स्टैंड भी धीरे धीरे अस्थाई अतिक्रमण का शिकार होता जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व शहर के पुराने बस स्टेंड पर लोकल रोडवेज बसों का आवागमन बंद कर दिया गया था जिसका भी मुख्य कारण अतिक्रमण ही बताया गया।वर्तमान में रोडवेज बसों के पुराना बस स्टैंड पर नही आने की वजह से शहर की जनता बहुत परेशान है किंतु बावजूद इसके नगरपालिका की नींद है जो खुलने का नाम नहीं ले रही है और पुराना बस स्टैंड पर अस्थाई अतिक्रमण की स्थिति अब पहले से ज्यादा खराब हो गई है वही शहर के अन्य कई मार्ग भी अस्थाई अतिक्रमण का शिकार हो चुके है जहा पर सुबह से शाम तक दिनभर छोटी निजी गाड़ियां खड़ी रहती है जिसकी वजह से यातायात इतना बाधित होता है कि आम राहगीरों को पैदल चलने में भी खासी परेशानी का सामान करना पड़ता है, शहर की इस स्थिति में सबसे चिंताजनक पहलू अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाना है।नगरपालिका का मुख्य दायित्व होता है शहर की सफाई, सुव्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का प्रबंधन। लेकिन आज लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका स्वयं अस्थाई अतिक्रमण के सामने असहाय नजर आने लगी है। अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए यदि कोई अभियान चलाया भी जाता है, तो वह या तो राजनीतिक दबाव में रुक जाता है या एक दो दिन में ही ढीला पड़ जाता है। जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति नहीं होगी, तब तक लक्ष्मणगढ़ में अस्थाई अतिक्रमण की समस्या पर काबू पाना मुश्किल है। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब वेंडर जॉन को प्रभावी रूप से लागू किया जाए और अस्थाई दुकानदारों, ठेलेवालो व अन्य अस्थाई अतिक्रमणकारियो को व्यवस्थित रूप से जगह मिल सके।इस प्रकार, जब तक नगरपालिका अपने अधिकारों और कर्तव्यों को दृढ़ता से नहीं निभाएगी, तब तक अस्थाई अतिक्रमण की समस्या बनी रहेगी और आम जनता इसका खामियाजा भुगतती रहेगी।उम्मीद है की प्रशासन अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ सख्त हो और शहर की जनता को इस समस्या से मुक्ति मिले।

## रींगस को पंचायत समिति बनाने की मांग, खंडेला ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस)।** विधानसभा खण्डेला में पंचायतराज पुनर्गठन के तहत रींगस को पंचायत समिति बनाने व कुछ ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन करके नई ग्राम पंचायतें बनाने के लिए पूर्व चिकित्सा मंत्री बंशीधर बाजिया ने ग्रामीणों के साथ खण्डेला उपखण्ड अधिकारी अर्चना बुगालिया को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि पं.स. खण्डेला में पहले 45 ग्राम पंचायते थी, जिनमें से 2 ग्राम पंचायत खण्डेला शहर में शामिल करने और 9 ग्राम पंचायतें नई प्रस्तावित करके कुल 52 ग्राम पंचायतें प्रस्तावित हुई है, परन्तु राज्य सरकार की धाराएं व नियमानुसार अभी भी 5-6 ग्राम पंचायतें ऐसी है कि उन्हीं ग्राम पंचायतों से एक-एक नई ग्राम पंचायत प्रस्तावित हो सकती है। इस प्रकार पं.स. खण्डेला में कुल लगभग 57-58 ग्राम पंचायत बन सकती है और इनमें से रींगस क्षेत्र के आस-पास की ग्राम पंचायतों को खण्डेला से हटाकर रींगस में नई पंचायत समिति बन सकती है। जिससे रींगस क्षेत्र की पंचायतों की जनता को यहां 60 किमी दूर नहीं भागना पड़ेगा और रींगस शहर में अन्य समस्त मुख्य कार्यालय सुचारू रूप से संचालित हो रहे है, उसी के अनुरूप पंचायत समिति कार्यालय की भी काफी समय से मांग हो रही है। परन्तु प्रशासनिक अधिकारियों को राजनैतिक दबाव में नियमों की अवहेलना करके ना तो उन ग्राम पंचायतों का कोई प्रस्ताव तैयार किया और ना ही पंचायत समिति का प्रस्ताव भेजने दिया। इस अवसर पर कन्हैयालाल यादव, राजेन्द्र पारीक, मदनलाल वर्मा, कालूदास स्वामी, कमलेश रूलानियां, रामेश्वरलाल वकील, फजलूदीन, शंकरलाल सैनी, नाथूराम, हुकमाराम, अुर्जन राम, जैसाराम, सुभाषचन्द, राकेश, श्रवण सिंह, सुभाष खोखर, हंसराज, खेताराम, देबूराम, भंवर सिंह, कालूराम सैनी, जगदीश, गुलझारीलाल, सायरमल सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों ने ली शपथ

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बाल अधिकारिता विभाग की ओर से ग्राम भड़ौंदा कलां के नरसाराम पुरोहित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व एल.बी.एस. सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई व बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविन्द ओला के निर्देशन में किया गया। अक्षय तृतीया व पीपल पूर्णिमा के मौके पर अबूझ सावा होने के कारण बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने विद्यार्थियों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट और गुड टच-बैड टच के विषय में जानकारी दी। जिला समन्वयक महेश कुमार मांजू, केस वर्कर नरेंद्र सिंह भाटी और सुमन ने बच्चों और विद्यालय स्टाफ को किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों को बाल विवाह से जुड़े दुष्परिणामों और इसके सामाजिक-स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जागरूक किया। अंत में सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई और भविष्य में बाल विवाह की सूचना देने का संकल्प लिया गया। इस दौरान भड़ौंदा कलां के नरसाराम पुरोहित रा. उ. मा. विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन, उपप्रधानाचार्य संगीता गर्वा, उपप्रधानाचार्य राजीव कुमार, व्याख्याता जयप्रकाश, सरोज धायल, व. अ. रतिराम, अरूण कुमार झुरिया, ललित कुमार पटसोया, सुभाष सिंह शेखावत, रामकिशन सैनी, अध्यापक किरण सैनी, सरोज शर्मा, तनुजा शा. शिक्षक मंजू कुमारी, क.अनु, अंकित कुमार, व. सहायक सुनिल कुमार, क.स. विनोद कुमार, स.क. श्याम सुंदर सैनी, मोहिनी देवी, व्याख्याता रवि वर्मा, पुष्पा व एल.बी. एस. सी. सै. स्कूल भड़ौदा कलां में संस्था प्रधान सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, व्याख्याता संदीप कुमार, हीरालाल कुमावत, रूद्धी शर्मा, कमलेश कुमार, बुगलाल सिंह, मुकेश कुमार सैनी, अध्यापिका लक्ष्मी, पुनम शर्मा सहित समस्त स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं जिला कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** नेशनल हेराल्ड केस में यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की ओर से चार्जशीट दाखिल किए जाने के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झुंझुनूं जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं के नेतृत्व में किया गया। इसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सुंडा ने कहा कि बीजेपी की केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। आए दिन संविधान की मर्यादा को तार-तार कर रही है। नेशनल हेराल्ड एक नॉन-प्रॉफिट संस्था रही है जो आज़ादी के समय से जनता को सूचना देने का काम करती रही है, लेकिन अब उसे राजनीतिक लाभ के लिए बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे ही चुनाव नजदीक आते हैं, ईडी को सक्रिय कर दिया जाता है। राजस्थान चुनाव के दौरान भी गोविंद सिंह डोटासरा और प्रताप सिंह खाचरियावास के घर पर छापेमारी की गई थी, लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं मिला। उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी ने भी केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी को कई बार ईडी के सामने पेश किया गया, लेकिन हर बार नाकामयाबी हाथ लगी। यह केवल कांग्रेस नेताओं को मानसिक रूप से दबाव में लाने की कोशिश है। नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे नेता भी कई बार जेल गए, लेकिन कांग्रेस की ताकत कभी कम नहीं हुई। पिलानी विधायक पीतराम काला ने कहा कि नरेंद्र मोदी को अब कांग्रेस की ताकत का डर सताने लगा है, इसलिए इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। संसद में राहुल गांधी की ओर से सरकार की पोल खोलने के बाद से ही भाजपा बौखलाई हुई है और बदले की राजनीति कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शांतिपूर्ण ढंग से लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद गिल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सरकार की इस कार्रवाई को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए कलेक्ट्रेट के सामने नारेबाजी की और चार्जशीट को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और राजनीतिक दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का 20-21 अप्रैल को झुंझुनूं दौरा



### मंडावा, मुकुंदगढ़, बगड़ व पिलानी में करेंगे जन-सुनवाई

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 20 और 21 अप्रैल को झुंझुनूं जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे मंडावा, मुकुंदगढ़, झुंझुनूं, बगड़, पिलानी और मलसीसर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आमजन से संवाद करेंगे। विकास कार्यों का जायजा भी लेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे की सूचना मिलते ही भाजपा पदाधिकारी, जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री का अभी अधिकृत कार्यक्रम नहीं आया है। प्रारंभिक योजना के अनुसार वे 19 अप्रैल को फतेहपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद 20 अप्रैल की सुबह मंडावा पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याएं सुनेंगे। इसके बाद मुकुंदगढ़ और झुंझुनूं में भी कार्यकर्ता बैठकें और आमजन से मुलाकात करेंगे। झुंझुनूं में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर क्षेत्रीय समस्याओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद बगड़ और चिड़ावा होते हुए मुख्यमंत्री पिलानी पहुंचेंगे, जहां वे रात को रुकेंगे। अगले दिन वे मलसीसर डैम का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लेंगे। गुरुवार शाम को मण्डावा में सीएम शर्मा के दौरे की तैयारी के सिलसिले में पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार, विशम्बर पूनिया, दिनेश धाभाई, डॉ0 राजेश बाबल, मण्डावा उपखण्ड अधिकारी मुनेश कुमारी, तहसीलदार सुरेन्द्र भास्कर, विकास अधिकारी मीणा, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, संदीप शर्मा, सुनील सैनी, कैलाश पीपलवा, पार्षद संदीप परिहार, सत्यनारायण शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी और जन प्रतिनिधियों ने सीएम के दौरे को सफल बनाने पर विचार विर्मश किया।

## सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के आईएएसई डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग की ओर से गुरुवार को सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम पीडीसी हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। सात दिवसीय ऑनलाइन एफडीपी का संक्षिप्त परिचय एफडीपी के संयोजक डॉ अभिमन्यु सिंह चौहान सहायक आचार्य ने दिया। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय ऑनलाइन संकाय संवर्धन कार्यक्रम में 14 ऑनलाइन सत्र आयोजित होंगे। इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक, विद्वान और शोधार्थी सम्मिलित होंगे और विभिन्न विषयों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर संकाय के अधिष्ठाता डॉ कैलाश पारीक, विभाग के सह आचार्य संयोजक डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ शिवम चतुर्वेदी, डॉ महेश शर्मा व सभी शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। एफडीपी कार्यक्रम आने वाले सात दिनों तक विभिन्न सत्रों, कार्यशालाओं और विशेषज्ञ वक्ताओं के व्याख्यानों के माध्यम से प्रतिभागियों को समृद्ध करेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ उमा सैनी सहायक आचार्य ने किया।

## व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव भींवसर में गुरूवार को एक व्यक्ति ने अपने घर की छत पर बने कमरें में पंखे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने तुरंत फांसी पर लटके व्यक्ति को उतारकर राजकीय उपजिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस सुत्रों के अनुसार गांव भींवसर का सोनीराम पूत्र रामनिवास ब्राह्मण उम्र, 30 पिछले कुछ दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था। ससुराल पक्ष के लोगों की ओर से उस पर दबाव बनाया जा रहा था।

## पंचायत समिति व कृषि मंडी बनाने की मांग को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** राजलदेसर में संयुक्त किसान सभा की ओर से पंचायत समिति व कृषि उपज मंडी बनाने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। संयुक्त किसान सभा के बैनर तले सरकारी कृषि उपज मण्डी व राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने की पुरजोर मांग उठ रही है। अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष विजय पाल कडवासरा ने कहा कि अगर समय रहते हुए हमारी मांगे नही मानी गई तो उग्र आन्दोलन करेंगे व नेशनल हाइवे 11 को जाम करेंगे। किसान सभा अध्यक्ष कोमरेड भादर भाम्भू, जब्बार खोखर, हरिराम हुड्डा, रतिराम पूनिया, मूलसिंह, धनाराम बिस्सू, बुधाराम घिंटाला, रोहित कछावा, चेतनराम कलवानिया, नोरंग कडवासरा, हरिराम रायल, रूपाराम राहड, दोलतराम कडवासरा, गिरधारीलाल ज्याणी, बीरबल राम नैण, शंकर आचार्य, भागीरथ सिंह व अन्य सैकडो किसान तहसील कार्यालय के बाहर धरना स्थल पर मौजूद रहे।

## बीडीएस होटल में फायरिंग का आरोप गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बीडीएस होटल में 10 अप्रेल को फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार होटल मैनेजर निर्भय पड़िहार निवासी सुजानगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने राजेंद्र सिंह उर्फ राजू फौजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एएसपी दिनेश कुमार, डीएसपी दरजाराम बोस के सुपरविजन में सीआई बैगाराम मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी राजेंद्र सिंह उर्फ फौजी पुत्र बजरंग सिंह निवासी गांव खारिया कनिराम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर पम्प एक्शन गन मय 19 जिन्दा कारतूस बरामद की है। डीएसपी दरजाराम बोस ने बताया कि आरोपी हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। दूसरी ओर कोतवाली पुलिस ने आमजन में सुरक्षा का संदेश देने के लिए आरोपी का बाजारों से जुलूस भी निकाला।

## पद्मश्री सेठिया की जन्मस्थली को ऐतिहासिक स्मारक बनाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति के वीसी सभागार में बचपन स्कूल के विद्यार्थियों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर मंगलाराम पूनियां को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंप कर महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की जन्म स्थली उनकी प्राचीन हवेली को ऐतिहासिक स्मारक के रूप में विकसित करने की मांग की। विश्व धरोहर दिवस पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने एडीएम से कहा कि महाकवि कन्हैयालाल सेठिया जैसी महान विभूति का जन्म सुजानगढ़ में हुआ और उन्होंने धरती धोरां री और पाथल पीथल जैसे गीत अपनी पैतृक जिस हवेली में बैठ कर लिखे थे, उस हवेली का संरक्षण करना जरूरी हैं। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने इस पहल को सकारात्मक बताते हुए राज्य सरकार को इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए विद्यार्थियों और शैक्षणिक संस्थानों को आगे आना होगा। इस अवसर पर तहसीलदार, बीडीओ, सीबीईओ सहित अनेक विभागों के अधिकारी और स्कूल की ओर से निदेशक महावीर बिश्नोई प्रधानाध्यापिका पूजा दाम्मीवाल, लहर इंदोरिया आदि भी मौजूद रहे।

## रात्रि आठ बजे के बाद शराब बिक्री रोकने की मांग, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कॉमरेड जगदीश नाथ ने आबकारी निरीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपकर शराब ठेकों पर एमआरपी से अधिक राशि लेने की शिकायत की है और सरकार की ओर से निर्धारित समय रात्रि आठ बजे के बाद भी शराब ठेकों के हो रहे संचालन को रोके जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ क्षेत्र में ठेकेदारों की ओर से मनमर्जी से एमआरपी से अधिक राशि ग्राहकों से वसूल की जा रही है। दूसरी ओर संचालकों से मिलीभगत के चलते रात के आठ बजे के बाद भी खुल्लमखुल्ला शराब बेची जा रही है। इसलिए ठेकों के बाहर निर्धारित रेट लिस्ट लगाई जाए, ताकि ग्राहकों के साथ ठगी न हो। इसी प्रकार रात के आठ बजे के बाद क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही शराब बिक्री रोकी जानकर नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए।

## पोषण पखवाड़े का आयोजन

**सालासर(निस)।** महिला बाल विकास विभाग की ओर से गुरूवार को पोषण पखवाड़ा आयोजित किया गया। जिसमें लाभार्थी गर्भवती व धात्री महिला सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया। पर्यवेक्षक गोमती कुमारी ने महिलाओं को पोषण माह के बारे में जानकारी दी और गर्भवती महिला की गोद भराई करवाई गई। धात्री महिलाओ को बताया गया कि 6 माह के बाद बच्चे को दूध के साथ साथ बच्चों को दलिया और खिचड़ी खिलाई जाए।

# पूर्व विधायक भंवरलाल शर्मा की जयंती पर भंवर सखा सम्मान, उमड़े समर्थक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में गुरूवार को राजस्थान के दिग्गज नेता सरदारशहर के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री पंडित भंवरलाल शर्मा की 80 वीं जयंती उनके स्मृति स्थल पर समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पंडित भंवर लाल शर्मा स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में भंवर सखा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पंडित जी के सहयोगी रहे 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का विधायक अनिल शर्मा व उपप्रधान केशरी शर्मा ने शॉल व श्रीफल भेंटकर अभिनंदन व सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में तहसील के गांवों से पंडित जी के समर्थक व सहयोगी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, उप प्रधान केसरी चंद शर्मा, पूर्व प्रधान मनोहरी देवी शर्मा, रामकुमार मेघवाल भीखम सिंह राठौड़, नंदलाल गोसाई, अब्दुल रशीद चायल, जितेंद्र राजवी, दुर्गाराम पारीक, पूनम चंद पारीक, रामलाल सारण, नूर मोहम्मद, फारूक ज्यान मोहम्मद, मनफूल खान फौजी, उमरदीन सैयद, महावीर माली, निखिल शर्मा,





कार्तिक शर्मा, राजेश पारीक, केसर देव कस्वां, मुकनाराम सारण, शंकर दास स्वामी, श्रवण बुकलसर, लूणनाथ बादड़िया, रामलाल मेघवाल, पृथ्वी सिंह, ओमप्रकाश मेघवाल, परमेश्वर दुबे, रामप्रताप सेवदा, डूंगर राम प्रजापत, मगाराम झाझडिया, जगदीश प्रजापत, खिराज खोथ पूर्व सरपंच भावलदेसर, कल्याण सिंह शेखावत, बाबू खान सरपंच हामुसर, तुलसीराम सरपंच बीनादेसर, विद्याधर पांडिया फोगां, नानूराम दुलरासर, कालूराम तिवाड़ी, शिवनारायण रामसीसर, जगदीश खाती, सीताराम डांगी पूर्व सरपंच मालसर, बीरबल नाई, नरेंद्र नाई पार्षद, शंकरलाल पांडिया, शैतान सिंह, मांगीलाल जोशी, हरुराम नवहाल, बजरंगलाल चोटिया कँवलासर, शंभुदान खुंडिया, मांगीलाल चाहर नैयासर, शिवभगवान जांगिड़, परमेश्वर पारीक बरजांगसर, अजीतसिंह सरपंच सावर, भगवाना राम मेघवाल नैनासर, प्रकाश पापटान, वासुदेव शर्मा, नंदलाल प्रजापत, रामचन्द्र सारण जीवनदेसर, ताराचंद सैनी, अशोक मेहरा, बुद्धाराम प्रजापत, जगदीश सिंगोदिया, सोहनलाल सोनी, बालचंद सेवदा, बाबूखान आसलसर, रोहिताश मीना, बाबूलाल सैनी, हरिकिशन शर्मा, रामलाल मिश्र, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष पाराशर, मांगीलाल पारीक, प्रहलाद राय पांडिया, लादुराम शर्मा, कमला प्रसाद जोशी, मुरलीधर शर्मा, बदरुद्दीन ठेकेदार, बशीर खोखर, शमसुद्दीन खोखर, नवाब खान, भंवर गहलोत, मदनलाल पारीक, रामावतार नवहाल, केशुराम सारण, बनवारीलाल, पवन शर्मा, विजयपाल सारण सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंडित जी के सहयोगी रहे लोगों ने अपने विचार व्यक्त कर उनको शाब्दिक श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज आयोजित में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व उनके समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भरत गौड़ ने किया।

## साहवा को पंचायत समिति की मांग, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** प्रस्तावित पंचायत समिति भालेरी की बजाय साहवा को नव पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर तारानगर क्षेत्र गाँव सारायण के ग्रामवासियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के आदेश तहत ग्राम पंचायत सारायण को तारानगर पंचायत समिति से हटाकर भालेरी पंचायत समिति में जोड़ना प्रस्तावित कर दिया है जो गलत है जिससे आमजन में काफी रोष व्याप्त है। ग्राम पंचायत उप तहसील साहवा से जुड़ी हुई है, पुलिस थाना भी साहवा लगता है। उप तहसील व थाना साहवा होने के कारण पंचायत के समस्त लोगों को आवागमन भी साहवा से होता रहता है, जिससे गांव के काफी लोगों ने रोजगार के लिए अपने प्रतिष्ठान साहवा में स्थापित कर रखें है जहां से गावं के विभिन्न लोगों को रोजगार मुहैया होता है। साहवा जहां एशिया की सबसे बड़ी पराली मण्डी होने के कारण यहां काफी रोजगार के साधन उपलब्ध है। साहवा में राजकीय



अस्पताल, राजकीय महाविधालय, नहर विभाग कार्यालय, जन.स्वा. अभियांत्रिक विभाग के कार्यालय के साथ साथ विभिन्न निजी शिक्षण संस्थान भी स्थित है यहां के लोगों के साथ पंचायत के लोगों की भावनाएँ जुड़ी हुई है जिनके साथ आत्मीय रिश्ते है। राजनैतिक द्वेषता के चलते साहवा उप तहसील पंचायत समिति बनने के समस्त अहर्ताए पूरी करने के बावजूद भी साहवा को पंचायत समिति न बनाकर भालेरी को पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित किया है जो क्षेत्र के जनभावनाओं के खिलाफ है। भालेरी ग्राम पंचायत में किसी भी प्रकार की आम सुविधाएँ नहीं है, इस कारण भालेरी पंचायत समिति बनने के योग्य नहीं है। इस मौके पर एडवोकेट पवन योगी, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष हरुनाथ जाखड़, बीरबल नाथ, किशननाथ, जगदीश नाथ, राकेश योगी, भाग नाथ, एडवोकेट प्रदीप योगी, दीपाराम मेघवाल, रोताश नाथ सहित सारायण गाँव के काफी लोग उपस्थित रहे।

## सर्वे कर 200 विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने का रखा लक्ष्य



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मलसीसर गांव के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने व 200 से अधिक नामांकन बढोतरी के लिए प्रधानाचार्य मीणा सहित पूरा स्टाफ घर-घर सम्पर्क अभियान पर लगा हुआ है। वर्तमान में 513 विद्यार्थियों का नामांकन इस विद्यालय में है। संस्था प्रधान धर्मसिंह मीणा ने विद्यालय स्टाफ की बैठक आयोजित कर सत्र 2025-26 के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर यह निर्णय लिया कि विद्यालय में इस सत्र में कम से कम 200 से अधिक नए प्रवेश कर विद्यालय का नामांकन 715 से अधिक करना है तथा यह प्रयास करना है गांव मलसीसर का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे सभी योग्य बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यालय स्टाफ की 4-4 शिक्षकों की 6 टीम बनाकर पूरें गांव में घर-घर सम्पर्क कर बच्चों का राजकीय विद्यालय में प्रवेश करवाने, सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ने बाले छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया जाता है और हाउस होल्ड सर्वे का कार्य किया जा रहा है। अभियान में वेदप्रकाश, रतनी कुमारी, पिंकी, विमला, महावीर प्रसाद, गोगा, सांवरमल प्रजापत, अनिल कुमार, भंवरसिंह, विकास कुमार, लिखमाराम आदि जुटे हुए हैं।

## *हमीरवास बड़ा को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर कलक्टर को सौंपा ज्ञापन*

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** 18 ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियो व आम नागरिकों ने पंचायत समिति मुख्यालय उप तहसील हमीरवास बड़ा को बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि प्रस्तावित पंचायत समिति मुख्यालय चांदगोठी पर आपत्ति दर्ज करवाई है। डॉ. कुलदीप ने बताया कि 24 ग्राम पंचायतों के एरिया में भौगोलिक रूप से उप तहसील हमीरवास बड़ा मध्य में स्थित है। सभी पंचायतें हमीरवास से 13 से 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित है, जबकि चांदगोठी 35 से 40 किलोमीटर इस चिन्हित एरिया से दूर दक्षिण में स्थित है। ज्ञापन में बताया कि प्रशासनिक रूप से सभी पंचायत समिति व तहसील मुख्यालय अलग-अलग करना अतार्किक है। 1939 में हमीरवास थाने की



स्थापना हुई, इसमें 98 गांव आते हैं। यहां सभी प्रकार के बैंक व अन्य राजकीय कार्यालय स्थित है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में सरपंच जीना देवी, राजपाल, राजवीर शर्मा, अजीत श्योराण, विजेंद्र, महेंद्र, रविंद्र, सुबेसिंह, उप प्रधान रामफल लम्बोरिया, बेवड़ सरपंच कुलदीप, रामपुर सरपंच नरेश बालाण, बिंजवास सरपंच प्रेम सिंह, हरपालु कुशाला सरपंच कर्मवीर कटारिया, निमा सरपंच मानसिंह रैबारी आदि उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** डूंगर बालाजी रोड़ पर अपने गांव डूंगरास जाने के लिए किसी साधन का इंतजार कर रहे व्यक्ति को डूंगर साइड से आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौके पर पहुंचे और शव को बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की शिनाख्त जीतू सिंह (40) पुत्र बाघ सिंह, निवासी डूंगरास आथूना के रुप में हुई। गुरुवार सुबह पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## पंचायत पुनर्गठन से नाराज ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पंचायत पुनर्गठन 2025 के प्रस्ताव में ग्राम चारणवासी को भादासर ग्राम पंचायत से हटाकर बैजासर ग्राम पंचायत में शामिल करने के विरोध में गुरुवार को गांव के सैकड़ों लोगों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व श्रवण कुमार शर्मा ने किया। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि चारणवासी को भादासर ग्राम पंचायत में ही यथावत रखा जाए या भादासर उतरादा के नाम से नई पंचायत बनाकर उसे उसमें जोड़ा जाए। बैजासर गांव में पंचायत को जोड़ना गलत हैं। श्रवण शर्मा ने बताया कि बैजासर गांव चारणवासी से 7 किलोमीटर दूर है और वहां तक कोई सुगम आवागमन की सुविधा नहीं है। वहीं भादासर दिखनादा केवल 5 किलोमीटर दूर है और वहां तक नियमित परिवहन सेवा भी उपलब्ध है। ऐसे में चारणवासी को बैजासर में जोड़ना ग्रामवासियों के साथ सरासर अन्याय है। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो आगामी चुनावों



का बहिष्कार करेंगे और उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन में ये लोग रहे शामिल श्रवण कुमार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, हनुमानराम शर्मा, पुरखाराम, मोहनलाल, श्रवण कुमार, जानी, रविंद्रदान, सादुलदान, साउथ सिंह, महेंद्रदान, पृथ्वीदान, जोरुराम, मनोज, मामराज, ईश्वरराम, जगदीश प्रसाद, बनीराम, सांवरमल, राकेश, अनिल, रामकिशन, रामरख शर्मा, बीरबलराम, महावीर शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

## महाशिवपुराण कथा का पोस्टर विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** श्री बालाजी गौशाला अध्यक्ष रवि शंकर पुजारी ने बताया कि विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति जयपुर के तत्वावधान व बालाजी गोशाला संस्थान सालासर के सानिध्य में आयोजित होने वाली 1 मई से 7 मई तक शिव महापुराण कथा का निमंत्रण राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को दिया। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की ओर से कथा का वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राजन शर्मा, रविशंकर पुजारी, अनिल सन्त, पंकज गोयल, जगदीश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**राजस्थान जयपुर टाइम्स**

जयपुर, शुक्रवार
18 अप्रेल, 2025

### युवाओं को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

# बीएल मील ने बनाया रिकॉर्ड, अब तक 156 बार रक्तदान

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इन पक्तियों को जीवन का ध्येय वाक्य मानने वाले ब्लड मशीन के नाम से प्रसिद्ध एक रक्तदाता ने अब युवाओं को रक्तदान के प्रति और जागरूक करने की मुहिम शुरू कर दी है। केशर नगर, कोलीड़ा निवासी यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज और सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक रक्त, अंगदान और देहदान मोटीवेटर बी एल मील अब तक 156 बार रक्तदान कर चुके हैं। पिछले एक साल में 25 बार रक्तदान कर एक एतिहासिक रिकॉर्ड भी बना चुके हैं। जयपुर टाइम्स से खास बातचीत में मील ने बताया कि बात 1995 की है। उस समय सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की रक्त के अभाव में मौत हो गई थी। इस दौरान मन में जगी टीस से रक्तदान की मुहिम चलाकर शेखावाटी क्षेत्र को ब्लड रिवर के नाम से प्रसिद्धि दिलवाने का संकल्प लिया था। उस समय जहां अस्पताल में भर्ती रोगी के लिए चिकित्सकों की ओर से रक्त की मांग करने पर मिलने आए हुए परिजन वॉर्ड छोड़कर चले जाते थे। वहीं आज किसी अनजान के लिए भी युवा रक्तदान के लिए हर वक़्त तैयार रहते हैं। यह संभव हुआ है मील के जागरूकता अभियानों के कारण जिससे अब युवा आगे आने लगे हैं। मील ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया के सानिध्य में सुधीर महरिया स्मृति संस्थान, राजस्थान ब्लड डोनर के साथ जुड़कर 650 से अधिक स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित कर 130000 से ज्यादा ब्लड यूनिट डोनेट करवा चुके है। जरुरतमंद रोगियों के लिए जरूरत के समय 50 हजार से ज्यादा यूनिट दिलवा भी चुके हैं 7रक्तदान, प्लाज्मा, प्लेटलेट, पौधरोपण, पीसीपीएनडीटी एक्ट, बेटी बचाओ, युवा व ग्रामीण विकास और अनुसूचित जाति जनजाति के उत्थान सहित अनेक क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर कई बार राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं।





## 25 वर्ष पूर्व परिजनों की स्मृति में की थी रक्तदान शिविर की शुरुआत

*रक्त, अंगदान और देहदान मोटीवेटर बी एल मील ने 20 वर्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया के निर्देशन में परिजनों की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित करने की मुहिम शुरू की थी। वही मुहिम आज एक अभियान का रूप ले चुकी है। आज क्षेत्र में 80% से अधिक रक्तदान शिविर अपने परिजनों की स्मृति में ही आयोजित होते हैं। रक्त मोटीवेटर बी एल मील ने इस वर्ष अपनी बेटी दीपिका चौधरी के जन्मदिन पर बर्थडे ब्लड डोनेशन ड्राइव अभियान की शुरुआत की है जिसमें हरेक रक्तदाता अपने जीवन के किसी एक जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाना है। अब तक 20 से ज्यादा रक्तदान शिविर इस मुहिम के तहत आयोजित किया जा चुके हैं और आगामी 2 साल में यह शुरुआत निश्चित रूप से एक अभियान का रूप ले लेगा।*

### कोरोना काल में गंभीर रोगियों की जान बचाने के लिए की थी 336 यूनिट प्लाज्मा डोनेट

कोरोना कल के दौरान 118 दिन घर से बाहर सामुदायिक भवन में रहकर कोविड लोकडाउन के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया की आर्थिक सहयोग से जरूरतमंद लोगों के लिए 22500 किट खाद्य सामग्री, मास्क व कोरोना से गंभीर रोगियों की जान बचाने के लिए कोविड से ठीक हुए लोगों को मोटिवेट कर जयपुर, दिल्ली, गाजियाबाद और अन्य शहरों में 336 यूनिट प्लाज्मा डोनेट करवाकर कॉविड के गंभीर रोगियों की जान बचाने का काम किया था। स्वयं ने भी किसी गंभीर रोगी के लिए गाजियाबाद जाकर प्लाज्मा डोनेट करने सहित 10 यूनिट प्लाज्मा डोनेट किया था। कोरोना के बाद डेंगू ने क्षेत्र में तीव्र गति से अपने पांव पसारे थे। हज़ारों की तादाद में लोग डेंगू की चपेट में आए थे। उस समय युवाओं को प्रेरित कर तीन माह में पांच हजार से ज्यादा यूनिट प्लेटलेट डोनेट करवाकर लोगों जान बचाई थी।

### 132 लोगों का सामूहिक देहदान कर बना चुके हैं विश्व रिकॉर्ड

गत 17 अगस्त 2023 को मात्र 1 घंटे में 132 लोगों को मोटिवेट कर अंगदान व देहदान की घोषणा करवाकर एक विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया था। मील गत 30 वर्षों से रक्तदान, प्लेटलेट, प्लाज्मादान, चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर, पोधारोपण, कन्याभ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सड़क सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टर, युवा व ग्रामीण विकास सहित अनेक सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बी एल मील का पूरा परिवार रक्तदान की इस मुहिम में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहा है। दोनों छोटे भाई बनवारी लाल व रघुवीर मील नियमित रक्तदान करते आ रहे हैं। धर्म पत्नि सावित्री देवी व मेडिकल स्टूडेंट दोनों बेटी डिंपल चौधरी, दीपिका चौधरी और भतीजा मोहित मील, अंशु मील भी नियमित रूप से रक्तदान कर रहे हैं।

### ग्रुप बनाकर युवाओं को किया प्रेरित

रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए मील ने सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए 2010 से फेसबुक और व्हाट्सएप पर राजस्थान ब्लड डोनर्स ग्रुप बनाकर युवाओं को जोड़कर रक्तदान करने के बाद उनके फोटो और वीडियो वाइरल कर नए रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। आज सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर सीकर के अलावा राजस्थान अनेक जिलों, दिल्ली व अन्य राज्य के 3000 से ज्यादा रेगुलर ब्लड डोनर जुड़े हुए जो रक्तदान शिविरों के अलावा जरूरत के समय 24 घंटे रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। ग्रुप में 250 से ज्यादा नियमित रक्त दाता तो जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से 20 बार से ज्यादा रक्तदान कर चुके हैं।

## अपनी योजनाओं से प्रत्येक वंचित व पात्र व्यक्ति तक पहुंच रही सरकारः नायक

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित कर प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी फैसलों, नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक पात्र व वंचित व्यक्ति तक पहुंच बना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार संकल्पित प्रयास कर रही है। इसी प्रकार प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकास की राह पर दुगुनी गति से कदम बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने सवा साल में अपनी बजट की 50 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बाबा साहेब भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ मानकर संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के विशेष प्रयास किए है। इसी के साथ प्रदेश सरकार 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति, जनजाति की आबादी वाले गांवों में विशेष योजना लाने पर काम कर रही है। उन्होंने अनुजा निगम, अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं व आयोग के नीतियों, निर्णयों की जानकारी साझा की। इस दौरान एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़, महेन्द्र, सुरेश सैनी, राजेन्द्र प्रजापत, बुद्धरमल जांगिड़, विजेन्द्र सिहाग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अवैध नशीली टेबलेट्स के साथ एक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की पुलिस ने बीकानेर रोड़ पर नाकाबंदी के दौरान प्रतिबंधित दवाओं के जखीरे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ व अवैध आर्म्स के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन फ्लश आउट के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरपाल के निर्देशन व वृताधिकारी रामेश्वर सहारण के सुपरविजन में थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई ने मय पुलिस टीम में जयसिंह सउनि, प्रदीप कुमार सउनि, विनोद कुमार कानि, अनिल कुमार कानि, सरकारी गाडी के चालक सत्यप्रकाश कानि ने बुधवार को रात्रि में बीकानेर रोड पर दौराने नाकाबन्दी बंधनाउ की तरफ से मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जो नाकाबंदी को देखकर अपनी मोटरसाइकिल वापस मोड कर भागने लगा था। जिस पर संदेह हुआ तो पिछाकर घेराबंदी कर रूकवाया और नाम पता पूछा तो अपना नाम विकास सहारण 29 पुत्र हेतराम सहारण जाति जाट निवासी सेक्टर नम्बर 13 मुक्ता प्रसाद कॉलोनी बीकानेर का होना बताया। मोटरसाइकिल पर लगे बैग को चेक किया गया तो बैग में प्रतिबंधित दवाओं के डब्बे भरे हुए थे। जिनको चैक किया गया तो ट्रमाडोल हाईड्रोकलोराईड सेनपास की 1848 टेबलेट, ट्रमाडोल हाईड्रोकलोराईड क्लोविडोल की 350 टेबलेट और अल्पराजोलम टेबलेट की 3500 टेबलेट कुल 5008 टेबलेट्स पाई गई। उक्त अवैध नशीली टेबलेट्स मय मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी विकास सहारण को जरीये फर्द गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण का अनुसंधान रायसिंह उनि थानाधिकारी पुलिस थाना भानीपुरा की ओर से किया जा रहा है।



## आमजन की भावनाओं के अनुरूप हुआ है पंचायतों और नगरपालिकाओं का परिसीमनः जांगिड़



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने अपने निज आवास स्थित कार्यालय पर परिसीमन 2025 को लेकर प्रेस वार्ता की। मीडिया से रूबरू होते हुए जांगिड़ ने कहा कि? तारानगर में पंचायत और नगरपालिका का परिसीमन आमजन की भावनाओं के अनुरूप हुआ है, नई पंचायतों के गठन से गांवों में विकास की राह खुलेगी और क्षेत्र का विकास होगा। जांगिड़ ने विधायक नरेंद्र बुडानिया की ओर से भाजपा सरकार और राजेन्द्र राठौड़ पर लगाए गए आरोपों को निराधार साबित करते हुए कहा कि हम पर आरोप लगाने से पहले कांग्रेस सरकार खुद के गिरेबान में झांककर देखो, आपके राज में पिछली सरकार में किस प्रकार खुद का वार्ड 264 वोटों और हमारा 1500 वोटों का वार्ड बना उससे सब वाकिफ हैं बताने की जरूरत नहीं है। किस प्रकार अपने दुलेरी गांव को पंचायत से बिना सीमा और गाइडलाइन के बाहर कर दिया गया था। जांगिड़ ने विधायक बुडानिया की ओर से अधिकारियों पर लगाए गए दलाली के आरोपों को निराधार बताया। जांगिड़ ने कहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के निर्देशानुसार सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की भावना से काम किया जा रहा है, अधिकारियों को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगाया गया है। जांगिड़ ने कहा कि परिसीमन पूर्णतः जनभावना अनुरूप अधिकारियों की ओर से बिना किसी भेदभाव के किया गया है। अगर पंचायत मुख्यालय में किसी प्रकार की त्रुटि हुई है तो राजेन्द्र राठौड़ साहब को अवगत करवाकर सुधार भी किया जाएगा, क्षेत्रवासियों की मांग अनुसार पंचायतों का गठन हुआ है। जांगिड़ ने भाजपा सरकार में राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों से भी अवगत कराते हुए कहा कि तारानगर में लगभग 93 करोड़ की लागत से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, मेडिकल क्षेत्र में अनेक सौगात मिली है। पानी के क्षेत्र में 22 नई टंकियां और पाइपलाइन, साहवा नगरपालिका, भालेरी पंचायत समिति, नहर विस्तार हेतु डीपीआर, साहवा में 132, तारानगर, बुचावास, नेठवा में 33 केवी के नवीन बिजलीघर तथा ग्रामीण सहायक अभियंता कार्यालय बनेगा। प्रेस वार्ता के दौरान जांगिड़ के साथ शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, बुचावास मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह तंवर, पूर्व सरपंच शिव भगवान जोशी, सात्यूं-राजपुरा मंडल अध्यक्ष मदन नायक, साहवा मंडल अध्यक्ष सुनील भाकर, साबिर हुसैन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नर सेवा को नारायण सेवा मानकर कार्य करना ही सच्ची सेवाः सहारण



### तीन दिवसीय निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय जीवन मल बच्छावत नेत्र अस्पताल में गौरी शंकर व निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन के आर्थिक सौजन्य से व लायंस क्लब चूरू की ओर से आयोजित तीन दिवसीय लैंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित लैंस प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन के गौरीशंकर मंडावेवाला व निर्मला मंडावेवाला थे। वहीं प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा नेता नवरंग वर्मा, समाज सेवी पवन बगड़िया, लायन चंद्रशेखर अग्रवाल, अस्पताल प्रभारी डॉ. बजरंग सोनी, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिधर शर्मा व शिविर प्रभारी पूर्व शहर अध्यक्ष लायन दीनदयाल सैनी मंचस्थ अतिथि रहे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि फाउंडेशन के ट्रस्टी गौरी शंकर मंडावेवाला का सहयोग लायंस क्लब को ही नहीं अपितु पूरे चूरू शहर को मिल रहा है। उन्होंने चूरू शहर में चल रही ट्रस्ट की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गौरीशंकर मंडावेवाला नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए चूरू की जनता की सेवा करते आ रहे हैं और वास्तव में यही सच्ची सेवा है। सहारण ने कहा कि कोविड के समय अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए गौरीशंकर निर्मला देवी फाउंडेशन में राजस्थान का दूसरा बड़ा ऑक्सीजन प्लांट लगवाया, जिसके माध्यम से हजारों लोगों की जान बची। इस अवसर पर गौरीशंकर मंडावेवाला ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर उनका ट्रस्ट चूरू के लोगों के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर लगाते रहने की घोषणा की। शिविर प्रभारी लायन दीनदयाल सैनी ने इस निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि इस अस्पताल के कुशल डॉक्टरों की टीम ने 83 सफल ऑपरेशन किये, जिसमें एक 92 साल की महिला भी शामिल हैं। इस अवसर पर लायन मंगतूराम सैनी, मनोज जांगिड़, पुनित क्याल, आबिद खान, शैलेंद्र माथुर, रामचंद्र राजोतिया, रामचंद्र निराणिया सहित क्लब सदस्यों ने सहयोगी भूमिका निभाई।

## केन्द्र सरकार व ईडी के खिलाफ कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चूरू जिला कांग्रेस व चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के बाहर केन्द्र सरकार व ईडी के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार व ईडी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर प्रदर्शन कारियों ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की ओर से अन्यायपूर्ण तथा मनमाने तरीके से ऐतिहासिक नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को जप्त करने की कार्रवाई और कांग्रेस नेतृत्व के विधि विरुद्ध व बिना कानूनी प्रक्रिया को अपनाए चार्जशीट प्रस्तुत की गई है। केंद्र सरकार की ओर से राजनीतिक द्वेषता के कारण अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर सभी राजनीतिक मूल्यों को ताक कर विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी व विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध मनमाने तरीके से कार्रवाई करते हुए चार्जशीट पेश की गई है, जो राजनीतिक प्रतिशोध को लेकर केंद्र सरकार के इसारे पर की गई है, अनुचित व गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस तरह की कार्यवाही को स्वीकार नहीं करेंगे और सड़क से लेकर संसद तक लोकतंत्र तरीके से इसका विरोध करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, महिला कांग्रेस की पुर्व अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती, संजय कस्वां, अशोक पुनियां, भानीराम मेघवाल, गोविंद महनसरिया, मुस्ताक खां, आदूराम न्यौल, ताराचंद सहारण, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, सीताराम खटीक, जमील चौहान, जगदीश प्रसाद बेरासरियां, रियाजत खां, नारायण बालान, सुखाराम घिंटाला, विमल शर्मा, हर्ष लाम्बा, विकास मील, शमशेर खान, आरिफ पीथिसर, बजरंग बजाड़, विजयपाल भुवांल, श्रवण बसेर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया।



स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।